# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 27 अप्रैल 2025

संवत 2082, वैशाख कृष्ण 15 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 232 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ होम गार्डनिंग शुरु करने के आसान टिप्स

फिल्म इंडस्ट्री में कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को नहीं मिलते समान अवसर : ईशा मालवीय ◂◂ 6


# कांटाटोली में कपड़े की दुकान में लगी भयानक आग, एक की मौत

● दम घुटने से एक बुजुर्ग की मौत हो गयी ● फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर पाया काबू



**संवाददाता**

**रांचीः** राजधानी रांची के कांटाटोली चौक के पास एक कपड़े की दुकान में आज रविवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गयी। स्थानीय लोगों ने दुकान से धुआं निकलता देखा तब घटना की जानकारी हुई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग इतनी भीषण थी की वे आग बुझाने में असफल रहें। घटना की सूचना पाकर अग्निशामक की कई गाडियां मौके पर पहुंची। इस अगलगी की घटना में एक बुजुर्ग की मौत की खबर सामने आ रही है।

**'आग में दम घुटने से एक बुजुर्ग की मौत हुई है। आग पर काबू पा लिया गया और घर में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है'।**

**-लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद।**

जबकि कुछ लोग दम घुटने की वजह से बेहोश हो गए हैं। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है।

रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित कांटाटोली चौक के पास एक दुकान में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग लगने की वजह से दुकान के पीछे एक घर में आधा दर्जन से ज्यादा लोग फंस गए। तेज आग और धुआं की वजह से कोई भी घर से बाहर नहीं निकल पा रहा था। हालांकि कुछ लोगों को स्थानीय लोगों द्वारा एस्बेस्टस की सीट को तोड़कर बाहर निकाला गया। जिसमें 59 वर्षीय बुजुर्ग एनुल आलम की दम घुटने की वजह से मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक दुकान में आग लगने से लोग दहशत में आ गए और चारो ओर अफरा तफरी मच गई। आग लगने की वजह से दुकान के पीछे बने घर में 6 से ज्यादा लोग फंस गए। क्योंकि तेज आग और धुएं की वजह से कोई भी घर से बाहर नहीं निकल पा रहा था।

**एक का पैर टूटा, एक की मौतः** मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि पूरा कॉम्प्लेक्स ही एनुल आलम के परिवार का है। कॉम्प्लेक्स के ऊपर एक कपड़े की दुकान है और कपड़े की दुकान के ऊपर बने घर में एनुल आलम का पूरा परिवार रहता है। कपड़े की दुकान में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। जिसकी वजह से घर में हर तरफ धुंआ भर गया था। इस बीच एनुल के साथ अन्य लोगों ने मिलकर घर में फंसे सभी बच्चों और महिलाओं को बाहर निकाला। एनुल आलम दोबोरा इसलिए अंदर गए कि कही कोई रह गया है यह देखने के लिए वह घर में वापस चले गए, लेकिन वे अंदर ही फंस गए और बेहोश हो गए। उन्हें किसी तरह घर से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बीच आग से बचने के दौरान भागते समय एक व्यक्ति गिर गया, जिसकी ने की वजह से पैर भी टूट गया है।

'पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार का एक और सख्त फैसला

## पाकिस्तानी हिंदुओं की चारधाम यात्रा पर रोक



**देहरादून :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार सख्त है। इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने त्वरित फैसला लेते हुए पाकिस्तानी श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया। सुरक्षा कारणों से एहतियात के तौर पर यह निर्णय लिया गया है। इस वर्ष 100 से अधिक देशों के लोगों ने यात्रा में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है।

पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी को लेकर प्रशासन ने आवश्यक कदम उठा उन्हें सुरक्षित तरीके से देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, अन्य विदेशी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

बता दें कि 30 अप्रैल से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरूआत होने जा रही है। यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं 2 मई से शुरू होंगी, जब धाम के कपाट खुलेंगे।

## तालाब से मिला दो व्यक्तियों का शव , जांच में जुटी पुलिस



**संवाददाता**

**गिरिडीहः** दो अलग- अलग घटनाओं में तालाब में डूबने से दो व्यक्ति की मौत हो गई। पहली घटना पाचंबा थाना क्षेत्र के सोना अहरा की है। यहां रविवार सुबह एक युवक की लाश तालाब में देखी गई। मामले की सूचना पर पाचंबा थाना पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता पवन कंधवे ने बताया कि रविवार को उन्हें सूचना मिली थी कि तालाब में एक युवक डूब गया है। जिसके बाद वह घटनास्थल पर पहुंचे और शव को तालाब से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि युवक की पहचान पाचंबा थाना इलाके के पेठियाटांड निवासी गुड्डू के रूप में हुई है। मृतक गुड्डू, पाचंबा चौक के आसपास ठेला लगाता था। सामाजिक कार्यकर्ता पवन का कहना है कि गुड्डू की मौत कैसे हुई? इसकी जांच होनी चाहिए। जबकि गुड्डू के परिजनों का कहना है कि वह शनिवार शाम से घर से नहीं आया था।

**खरियोडीह में डूबा दूसरा युवकः** रविवार के दिन पाचंबा थाना इलाके के खरियोडीह में 45 वर्षीय शख्स की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान लखारी निवासी योगेंद्र दास के रूप में हुई है। पूर्व मुखिया दीपक दास ने बताया कि योगेंद्र दास, शुक्रवार से ही लापता था। इस बीच रविवार को यह सूचना मिली कि किसी की लाश तालाब में देखी गई है। वे लोग यहां पहुंचे तो देखा कि योगेंद्र दास की लाश तालाब में थी। इधर मृतक की मां का कहना है कि उसके बेटा का किसी से झगड़ा नहीं था।

## युवती को अगवा करने के विरोध में फूटा लोगों का गुस्सा, कई घरों में लगाई आग, पुलिस पर पथराव

**संवाददाता**

**सरायकेलाः** जिले के चांडिल अनुमंडल के नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत झीमडी गांव में दो समुदायों में हिंसक झड़प हुई है। जहां गुस्साएं लोगों ने दूसरे पक्ष के घर को आग के हवाले कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना तब हुई जाब एक युवक ने दूसरे समुदाय की युवती का अपहरण कर लिया। जिसके बाद क्षेत्र में भारी तनाव फैल गया। घटना के बाद दोनो पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई और उग्र भीड़ ने आरोपित युवक के पक्ष के दो घरों को आग के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चांडिल अनुमंडल प्रशासन हरकत में आया। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद बिंद, अनुमंडल पदाधिकारी विकास राय, चांडिल थाना प्रभारी दिलशान बिरुवा तथा तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश शाही समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।



बात दें कि बीते शुक्रवार को आरोपित युवक तस्लीम अंसारी ने हथियार के बल पर एक बालिग युवती का कथित रूप से अपहरण कर लिया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि युवक, युवती को दिल्ली ले जाकर बेचने की साजिश रच रहा था। युवती की मां ने इस संबंध में नीमडीह थाना प्रभारी संत कुमार को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन उचित कार्रवाई नहीं होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। शनिवार को युवती की सकुशल बरामदगी और आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया, जिसके दौरान दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हुई। जहां पत्थरबाजी में कई पुलिस वाहन और एक ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को लगभग एक घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।

## संदिग्ध अवस्था में मिला वृद्ध दंपती का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**लातेहारः** जिले में संदिग्ध अवस्था में वृद्ध दंपती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसला गांव में रविवार को वृद्ध दंपती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मिला। दंपती के हाथों में सिंदूर लगा हुआ था। हालांकि उनकी मौत कैसे हुई? इसकी स्पष्ट जानकारी अभी तक नहीं हो पाई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक हेसला गांव निवासी प्रसाधी साव और उनकी पत्नी कर्मी देवी अपने बेटों से अलग रहते थे। रविवार सुबह कमरे में पति-पत्नी संदिग्ध अवस्था में अचेत मिले। हालांकि परिजनों ने दंपती को बेहोशी की हालत में समझकर बालूमाथ स्थिति अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

दंपती के बेटे ने बताया उनके माता-पिता घर के बगल में ही रहते थे। रात में दोनों खाना खाकर सोए थे। सुबह मेरे पिता उठकर बाहर भी आए थे और फिर कुछ देर बाद वह वापस कमरे में चले गए। पुत्र ने बताया कि गाय को चारा देने के बाद जब वह अपने पिता के घर गया तो देखा कि दोनों बेसुध पड़े थे। आवाज देने के बाद भी जब दोनों की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो तत्काल दोनों को लेकर अस्पताल पहुंचे। लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। लड़के ने बताया कि घर में कोई लड़ाई झगड़ा भी नहीं है और ना ही परिवार में किसी की दुश्मनी है।

**मृतक दंपति के हाथ में लगा था सिंदूरः** सबसे बड़ी बात यह है कि मृतक पति-पत्नी के हाथ में सिंदूर लगा था। पत्नी की मांग में भी सिंदूर लगाया गया था। वही पति के गले में सिंदूर का टीका दिया हुआ था। मृतक दंपती की इस अवस्था को देखकर इलाके में कई प्रकार के चर्चे भी हो रहे हैं। कुछ लोग इसे जादू टोना भी मान रहे हैं। तो कई लोग इसे आत्महत्या बता रहे हैं।

## जंगल में मिला युवक का शव, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका



**खूंटीः** जिले की अड़की पुलिस ने जंगल से एक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक डूंडी के डीलबुरु जंगल के पेड़ से शव को लटके हुए देखा गया। मृतक की पहचान डूंडी निवासी राम सिंह मुंडा के रूप में हुई है। शनिवार की शाम जंगल में शव होने की सूचना अड़की पुलिस को मिली थी। सूचना पर दलबल के साथ थाना प्रभारी पहुंचे और शव को थाना ले आई। जिसके बाद पुलिस ने अगले दिन शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**शौच की बात कहकर निकाला था युवकः** शव बरामद होने के बाद मृतक के बड़े भाई गुरुवा मुंडा ने बताया 23 अप्रैल की शाम राम सिंह मुंडा शौच की बात कहकर घर से निकले थे। वह उसी दिन से वे लापता थे। उसकी लगातार खोजबीन की जा रही थी, जिसको लेकर शुक्रवार को थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

परिजनों ने जताई हत्या की आशंकाः इस दौरान परिजन अपने स्तर पर राम सिंह मुंडा की खोजबीन करते रहे। इसी दरमियान शनिवार शाम डीलबुरु जंगल में केंदु के पेड़ पर शव को लटकता हुआ देखा, जिसके बाद परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। वही परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के बाड़े भाई गुरुवा मुंडा ने आशंका जाहिर करते हुए बताया कि उसके छोटे भाई की हत्या गांव में चल रहे जमीन विवाद को लेकर हुई है। उसे जान से मारने के बाद पेड़ में लटका दिया है। मृतक के बड़े भाई के बयान पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है और जांच शुरू कर दी है।

'मन की बात' में बोले पीएम मोदी

## 'पहलगाम हमले के दोषियों को बख्शेंगे नहीं, पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा'

**नई दिल्लीः** 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि 'पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है। लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकते हैं। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए। इस मुश्किल वक्त में 140 करोड़ देशवासियों की एकता सबसे बड़ा आधार है।'



पीएम मोदी ने कहा कि 'हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक दृढ़ राष्ट्र के रूप में अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है। भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में हैं। इस आतंकी हमले के बाद दुनियाभर से लगातार संवेदनाएं आ रही हैं। कई राष्ट्राध्यक्षों ने उन्हें भी फोन करके पहलगाम की घटना पर दुख जताया है। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं उन्हें न्याय मिलेगा।।।और न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।'

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते गुरुवार को बिहार की एक जनसभा में भी पहलगाम हमले के दोषियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि 'आज बिहार की सरजमीं से मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे। भारत की आत्मा को आतंकवाद कभी नहीं तोड़ सकता। इंसाफ मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दुनिया में जो भी इंसानियत के पक्ष में है, वह हमारे साथ है। इस वक्त दुनिया में जो हमारे साथ खड़ा है, हम उनके शुक्रगुजार हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिलकर रहेगी।

## एनआईए ने शुरू की पहलगाम आतंकी हमले की जांच,साक्ष्य जुटाने में जुटी टीमें




**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जांच अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपने हाथ में ले ली है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद एनआईए ने इस मामले में औपचारिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पहलगाम में मंगलवार को हुए इस आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

एनआईए की टीम बुधवार से ही पहलगाम में घटनास्थल पर मौजूद है और साक्ष्य जुटाने में जुटी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एनआईए की टीमें आतंकियों के हमले के तरीके और उनके भागने के रास्तों का पता लगाने के लिए इलाके की बारीकी से जांच कर रही हैं। बैसरन घाटी में हुए इस हमले को कश्मीर के सबसे भयानक आतंकी हमलों में से एक माना जा रहा है। एनआईए की टीमें उन चश्मदीदों से पूछताछ कर रही हैं, जिन्होंने इस खौफनाक मंजर को अपनी आंखों से देखा।

एनआईए के एक आईजी, एक डीआईजी और एक एसपी की निगरानी में जांच चल रही है। ये टीमें आतंकियों के प्रवेश और निकास बिंदुओं की जांच कर रही हैं ताकि यह समझा जा सके कि हमलावर कैसे आए और कहां से भागे। फोरेंसिक विशेषज्ञों और अन्य जांच एजेंसियों की मदद से घटनास्थल की गहन छानबीन की जा रही है। इसका मकसद इस आतंकी साजिश का पदार्फाश करना है, जिसने इतनी बड़ी त्रासदी को अंजाम दिया।

न्यूज IN ब्रीफ



## शहीद मनीष रंजन के परिवार से मिले सुरेश महतो

**मुरी:** शहीद मनीष रंजन के अंतिम संस्कार के दूसरे दिन झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने झालदा पहुंचकर शहीद के परिवार से भेंट की और गहरी संवेदना व्यक्त की। श्री महतो ने शहीद मनीष रंजन के परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा यह सिर्फ एक परिवार का नहीं, पूरे झारखंड का दुख है। शहीद मनीष रंजन की शहादत को कभी भुलाया नहीं जाएगा। आजसू पार्टी आपके साथ परिवार की तरह मजबूती से खड़ा है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सरकार से मिलकर शहीद के परिवार को हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी और मनीष रंजन की शहादत को सम्मान और न्याय दिलाने के लिए हर कदम उठाया जाएगा। इस दौरान श्री महतो ने शहीद मनीष रंजन के दस वर्षीय पुत्र से भी मुलाकात की। भावुक क्षणों में उन्होंने बच्चे को सांत्वना देते हुए कहा तुम अकेले नहीं हो, पूरे झारखंड और देश की जनता तुम्हारे साथ है। तुम्हारे पिताजी का बलिदान हमारे दिलों में अमर रहेगा। मीडिया से बातचीत करते हुए श्री महतो ने पाकिस्तान प्रायोजित इस आतंकवादी हमले की तीव्र निंदा करते हुए आक्रोशपूर्ण स्वर में कहा, धैर्य की सीमाएं टूट चुकी हैं। निदोषों के रक्त का हिसाब लिया जाना चाहिए। सरकार को निर्णायक और कड़े कदम उठाने चाहिए ताकि ऐसे कायरतापूर्ण हमलों का करारा जवाब दिया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि आजसू पार्टी शहीद के परिवार के साथ एक परिवार की तरह खड़ी रहेगी। इस मौके पर आजसू पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

## महिला वस्त्र निर्माण,वेजिटेबल फार्मिंग और नर्सरी मेनेजमेंट प्रशिक्षण का उद्घाटन



**मुरी:** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 31 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण गारमेंट एवं 12 दिवसीय वेजिटेबल फॉमिंग और नर्सरी मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर,मुख्य अतिथि वीणा देवी, जिला उपाध्यक्ष रांची द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड सोनाहतु, राहे, नामकुम, लापुंग ओरमांझी, से आए 70 प्रशिक्षणार्थीयों ने भाग लिया। मुख्य अथिति ने यह संदेश दिया की आप सभी लोग मन से और संस्थान में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करे क्योंकि महिलाएं भी टेलरिंग के क्षेत्र में और वेजिटेबल नर्सरी के क्षेत आए और ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाए, क्योंकि आज के समय में काफी मांग है बाजारों में, प्रशिक्षण के बाद आप अपना खुद का स्वरोजगार करे, यहां पर व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते है। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह कहा कि आज के दौर में महिलाएं टेलर बहुत कम देखने को मिलता है, आप अच्छे से प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करे और आप बेहतर तरीका से कार्य करे,और आप एक सफल उद्यमी बने। मंच का संचालन वरिष्ट संकाय अनिल कुमार ने किया और मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ संकाय,जगदीश चंद्र महतो ने किया। मौके पर डीएसटी मौसमी गोराई, डीएसटी प्रकाश कुमार,दशरथ कुमार महतो, महेश रुहिदास,सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

## हेमंती कुमारी का किया गया जोरदार स्वागत



**राहे :** मणिपुर में आयोजित 68वीं अंडर 19 बालिका वर्ग स्कूली फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड की टीम ने फाइनल में मेजबान मणिपुर को 2-0 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इस जीत में राहे प्रखंड क्षेत्र के बंसिया गांव की खिलाड़ी हेमंती कुमारी झारखंड टीम में शामिल थीं। फाइनल मैच में झारखंड की बालिकाओं ने मेजबान मणिपुर की टीम को 2-0 हराकर चैंपियन बना। शनिवार देर शाम गांव ओर डे-बोर्डिंग पहुंचने पर खिलाड़ी छात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर बंसिया पंचायत के मुखिया नव कृष्णा लोहरा, बसंतपुर पंचायत के मुखिया चित्यतमा देवी विधायक प्रतिनिधि रोहिताश चौधरी, प्रधान दुबराज पाहान समेत प्रशिक्षु केंद्र के बच्चे मौजूद थे।

## अवेंजर ने जीता तारक सिन्हा मेमोरियल सोनेट प्रीमियर लीग




**रांची :** हिमांशु गुप्ता (64) और गौरव पाल(51) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत सोनेट अवेंजर की टीम ने आज यहां संपन्न तारक सिंह मेमोरियल सोनेट प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया अवेंजर की टीम को 131 रनों का लक्ष्य मिला था जिसे उन्होंने 13.3 ओवर में एक विकेट खोकर प्राप्त कर लिया हिमांशु ने 64 और गौरव पाल ने 51 दिनों की पारी खेली इससे पूर्व थंडर्सथंडर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाया जिसमें पंकज ने 46 और विशाल ने 18 रनों का योगदान किया गौरव पाल ने तीन विकेट लिए सचिन तिवारी आयुष राज और लक्ष्य को दो दो विकेट मिले टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर और बेस्ट बटर का अवार्ड पंकज कुमार को दिया गया जबकि मैन ऑफ द मैच गौरव पाल हुए बेस्ट बटर हार्दिक आनंद बेस्ट विकेटकीपर यमुना कुमार स्टाइलिश बैट्समैन हिमांशु कुमार को दिया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पीयूष कुमार झा, श्रीमती झा पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी अजातशत्रु राजेश झा ,कुलदीप शर्मा ,प्रकाश उपाध्याय ,वरिष्ठ पत्रकार अजय कुकरेती, सुनील कुमार अतिरिक्त कई गाने मान्य व्यक्ति ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार बांटे इस अवसर पर तारक सिन्हा के याद में 2 मिनट का मान रखा किया मंच का संचालन रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी नाजिम सिद्दीकी ने किया क्लब के श्री एसपी गौतम आसिफ हक ने वी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया क्लब के टन टन कुमार पीयूष संतोष पीयूष संतोष सूरज मोहन तुषार दास निशांत त्रिपाठी अर्पित कुमार पीयूष कुमार चौधरी श्लोक वशिष्ठ विकास सिंह आदि का विशेष योगदान रहा। पूरे प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं क्लब के प्रशिक्षक एसपी गौतम और आसिफ हक का विशेष योगदान रहा।

### झारखंड में निवेश की काफी संभावनाएं

# स्पेन और स्वीडन के निवेशकों को खनन क्षेत्र में आमंत्रण

संवाददाता




**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन के दौरे पर गए झारखंड सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने खनन क्षेत्र में निवेश के नए अवसरों की जानकारी दी। खान सचिव अरवा राजकमल और खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा ने निवेशकों के समक्ष एक व्यापक प्रेजेंटेशन के माध्यम से झारखंड में मौजूद विशाल संभावनाओं को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से खनिज ब्लॉकों की नीलामी और खनन उपकरण निर्माण में निवेश के लिए निवेशकों को न्योता दिया।

**खनिज संपदा में समृद्ध झारखंड, निवेश के लिए तैयार:** अधिकारियों ने बताया कि झारखंड भारत के उन गिने-चुने राज्यों में से है, जो प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर हैं। देश के कुल खनिज संसाधनों का लगभग 40 प्रतिशत झारखंड में है। खनिज उत्पादन में झारखंड देश में पांचवें स्थान पर है और इसकी खनिज संपदा भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देती है। कोयला, लोहा, तांबा, बॉक्साइट, चूना पत्थर, डोलोमाइट, क्वाट्र्जाइट, मैंगनीज, यूरेनियम, चाइना क्ले, ग्रेफाइट, सोपस्टोन, फायर क्ले, फॉस्फोराइट, एपेटाइट, क्वाट्र्ज, फेल्ड्सपार, सोना और पाइरोक्सीनाइट जैसे बहुमूल्य खनिजों का भंडार झारखंड के गर्भ में समाया है। झारखंड को कोकिंग कोल का एकमात्र उत्पादक होने का गौरव प्राप्त है। इसके अलावा झारखंड कोयला भंडार में दूसरा, लौह अयस्क में दूसरा, तांबा अयस्क में तीसरा और बॉक्साइट में सातवां स्थान रखता है। इन तथ्यों के आलोक में झारखंड का देश के खनिज मानचित्र में एक बेहद महत्वपूर्ण स्थान है।

**विभिन्न क्षेत्रों में फैले खनिज संसाधन:** झारखंड राज्य के विभिन्न प्रमंडलों और जिलों में खनिज संसाधनों का व्यापक भंडार मौजूद है। इस व्यापकता के चलते राज्य न केवल खनिज उत्पादन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, बल्कि खनिज आधारित उद्योगों के लिए भी अत्यधिक अनुकूल अवसर उपलब्ध करा रहा है।

खनन उपकरण निर्माण में विशाल संभावनाएः प्रस्तुति में यह भी बताया गया कि झारखंड में खनन उपकरण निर्माण क्षेत्र में भी निवेश के लिए अपार संभावनाएं हैं। ड्रिलिंग रिग, आर्टिकुलेटिंग ट्रक, बुलडोजर, ड्रैगलाइन, ड्रिल मशीन, हॉल ट्रक, लोडर, मोटर ग्रेडर और एक्सकेवेटर जैसे खनन उपकरणों का निर्माण एक विशाल औद्योगिक क्षेत्र बन सकता है। साथ ही खनिज प्रसंस्करण और शुद्धिकरण उपकरण, जैसे ग्राइंडिंग इक्विपमेंट, मैग्नेटिक सेपरेटर, थिकनर और क्लैरिफायर के निर्माण में भी निवेश के अवसर मौजूद हैं। इसके अलावा खनिजों के परिवहन के लिए आवश्यक बेल्ट कन्वेयर और मोटर स्क्रैपर जैसे साधनों के निर्माण में भी निवेशकों के लिए सुनहरा अवसर है।

**झारखंड में निवेश के लिए अनुकूल माहौलः** निवेशकों को अवगत कराया गया कि झारखंड एशिया के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल निर्माण क्लस्टरों में से एक है। राज्य सरकार ने निवेश को आकर्षित करने के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं लागू की हैं। बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं से लेकर एमएसएमई इकाइयों तक के लिए विशेष रियायतें दी जा रही हैं। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने के लिए 'झारखंड इंटीग्रेटेड माइंस एंड मिनरल्स मैनेजमेंट सिस्टम' (जिम्स) लागू किया गया है, जिससे खनन गतिविधियों का डिजिटलीकरण और पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है।

**खनिज ब्लॉकों की नीलामी और अन्वेषण के अवसरः** प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि झारखंड सरकार खनिज ब्लॉकों की नीलामी के माध्यम से निवेश को बढ़ावा दे रही है। खनिज अन्वेषण के क्षेत्र में भी कई तैयार अवसर उपलब्ध हैं। सरकार निवेशकों के लिए एक समर्थ और भरोसेमंद माहौल तैयार कर रही है, जिससे झारखंड आने वाले समय में वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बन सके।

# पैसों की लेनदेन को लेकर दो भाइयों के बीच जमकर हुई मारपीट, एक घायल



संवाददाता

**चतरा:** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के बड़हिबीघा गांव में शनिवार को पैसे के लेनदेन को लेकर दो भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना में बड़ा भाई और छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों भाइयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती करवाया गया है ।जहां चिकित्सकों ने छोटे भाई भूद्दू यादव के सर पर गंभीर चोट रहने के कारण बेहतर ईलाज हेतु बिहार के गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है ।वही घायल बड़े भाई महेंद्र यादव ने बताया कि हमारा छोटा भाई भट्ठू यादव गांव के ही जगलाल यादव से पैसा लिए हुए था। जिसे लेकर जगलाल यादव एवं भट्ठू यादव में कहां सुनी हो रहा था। इसी दौरान हम गए और अपने छोटे भाई को बकाया पैसा देने को बोल कर चले गए ।छोटा भाई भट्ठू यादव अपनी पत्नी के साथ लाठी डांटे से लैस होकर हमारे घर पर आया और हमारे सिर पर वार कर दिया। जिसमें हम गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं छोटे भाई भट्ठू यादव ने बताया कि हमारा बड़ा भाई जगलाल यादव का पक्ष लेकर हमें जबरन पैसा देने के लिए कह रहे थे। इसी को लेकर तू तू मैं मैं हो गई। हमारे बड़े भाई ने हमें मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। खबर लिखे जाने तक थाना में दोनो भाइयों के द्वारा आवेदन नहीं दी गई थी।



## मोटर यान निरीक्षक के नेतृत्व चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**गिद्धौर (चतरा):** थाना गेट के समीप शनिवार को मोटर यान निरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया तथा दो पहिया वाहनों की जांच किया गया। जिसमें वाहन के कागजात, हेलमेट,सीटबेल्ट सहित अन्य की जांच की गई। इस दौरान कई लोगों का ऑनलाइन पौश मशीन के द्वारा किया गया। इस दौरान मोटर यान निरीक्षक ने बताया कि चार पहिया व दो पहिया वाहन की जांच जिले में लगातार किया जायेगा। इस मौके पर सड़क विश्लेषक अभियंता,अजीत सोरेन,रविन्द्र कुमार,प्रभारी थाना प्रभारी अशोक पांडेय,सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## अनियमितता के आरोप में तीन माह से फरार रोजगार सेवक कार्य प्रभार से हुए निलंबित

**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड के कोबना पंचायत के रोजगार सेवक राकेश कुमार रंजन तीन माह से पंचायत कार्यालय से फरार हैं। रोजगार सेवक के फरार रहने से मनरेगा योजना में मजदूरों का भुगतान सहित अन्य योजना का प्रगति कार्य बाधित है। इस पर संज्ञान लेते हुए चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी जहुर आलम के आदेशानुसार 15 वें वित्त के कनीय अभियंता दीपक कुमार को दंण्डाधिकारी नियुक्त किया गया। वही मुखिया बब्लू मेहता , प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक सुखराम उरांव, पंचायत सचिव तारामणि खलखो की मौजूदगी में वीडियो ग्राफी कराते हुए पंचायत कार्यालय का ताला तोड़ा गया। कार्यालय में मौजूद सभी रेकड़ पंजि सहित अन्य कागजातों को सूचि बनाकर नवाडीह पंचायत क वर्तमान रोजगार सेवक मनोज कुमार को कोबना पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दिलाया गया ।इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एवं अन्य लोग मौजूद थे। विदित हो कि वितिय अनियमितता एवं कार्य में लापरवाही के आरोप में रोजगार सेवक राकेश रंजन के विरुद्ध हंटरगंज थाना में मामला दर्ज करवाया गया है। दर्ज प्राथमिकी को देखते हुए राकेश रंजन को तत्काल पंचायत के कार्य प्रभार से निलंबित कर दिया गया है।

## खराब पड़े जलमीनार की हुई मरम्मत, लोगों में खुशी

**गिद्धौर (चतरा):** प्रखंड मुख्यालय के सलगा गांव में खराब जल मीनार की मरम्मत कर शनिवार को किया गया ।मालूम हो कि 23 अप्रैल को जल मीनार खराब होने की खबर अखबार में छपी थी ।इसके बाद विभाग के कनीय अभियंता खराब जल मीनार की स्थिति को देख इसे दो दिन के अंदर दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया था ।शनिवार को कनीय अभियंता मंगल सिंह ने जल मीनार में स्टाटर लगाकर और जले हुए मोटर को बदल कर जल मीनार को चालू कर दिया। जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

## सड़क दुर्घटना में पूर्व जिला परिषद उम्मीदवार के भाई की मौत

**चतरा:** जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान सुधीर गोप के बड़े भाई के रूप में हुई है, जो पूर्व जिला परिषद उम्मीदवार थे ।मिली जानकारी के अनुसार, हड़ाही पिपरा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उन्हें इलाज के लिए इटखोरी अस्पताल ले जाया जा रहा था, जहां उनकी मौत हो गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# शॉर्ट सर्किट से बाइक में लगी आग, मची अफरा-तफरी

### बाइक जलकर खाक, बाल बाल बचे सवार लोग



**चतरा:** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के जोरी स्थित बीच बाजार मटकोर गली में शनिवार की देर रात अचानक एक बाइक में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। बाइक से आग की लपटें उठती देख आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, तब तक बाइक पूरी जल गई। जानकारी के अनुसार हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र के बेंदी गांव निवासी विकास कुमार गंझू अपनी पत्नी के साथ वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के डंडई निवासी जटू गंझू के घर स्थित ससुराल देर रात अपने बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान चतरा - डोभी मुख्य पथ एनएच 22 जोरी बीच बाजार मटकोर गली में नो इंट्री खुलने के दौरान सड़क जाम हो गई। तभी बीच सड़क पर अचानक शॉर्ट सर्किट होने के कारण उनकी बाइक में आग लग गई। हालांकि गनीमत रही कि इस दौरान दोनों बाइक सवार तत्परता दिखाते हुए बाइक से कूद गए। बाइक आग की लपटों के बीच घिरती चली गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इधर वशिष्ठ नगर थाना पुलिस घटना की सूचना मिलते ही पहुंची, जहां स्थानीय लोग के सहयोग से आग बुझाने में जुट गए।किसी तरह आग पर काबू पाया गया, तब तक बाइक पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई।

### श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई

# एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत,दो गंभीर,रिम्स रेफर

### मृतकों में नवविवाहिता भी शामिल





संवाददाता

**चतरा:** सदर प्रखंड के गंधरिया गांव के समीप शनिवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो बच्चों समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बीते 20 अप्रैल को लावालौंग थाना क्षेत्र के रखेद गांव में झामुमो केंद्रीय कमिटी के सदस्य अमरदीप प्रसाद ने अपनी पुत्री प्रीति कुमारी की शादी उड़ीसा राज्य के सुंदरगढ़ जिले के रायपुरा गांव में की थी। शादी के पांच दिनों के बाद उनकी पुत्री आम्रपाली उर्फ प्रीति कुमारी और दामाद रश्मिकांत साहू घर आए थे। शादी के उपलक्ष्य में पूरा परिवार स्कॉर्पियो पर सवार होकर इटखोरी स्थित मां भद्रकाली के मंदिर में पूजा करने गया था। शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे सदर थाना क्षेत्र के गंधरिया गांव के समीप ड्राइवर को झपकी आ गई और उसने एक पेड़ में टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में झामुमो नेता की नवविवाहिता पुत्री आम्रपाली उर्फ प्रीति कुमारी (26 वर्ष),झामुमो नेता की बहन पिंकी देवी(40 वर्ष) और माता बिमली देवी (75वर्ष) शामिल है। दुर्घटना के बाद पुलिस की मदद से स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को सदर अस्पताल चतरा में भर्ती करवाया। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ मनीष लाल ने बताया कि प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर रूप से घायलों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। घायलों में झामुमो नेता के पुत्र राहुल कुमार (29वर्ष),मृत नवविवाहिता के पति रश्मिकांत साहू (40 वर्ष),प्रिया कुमारी (23 वर्ष),विवाहित प्रियंका कुमारी (32 वर्ष),पूजा कुमारी(20 वर्ष),रिमझिम कुमारी(14 वर्ष) और मानवी कुमारी(06 वर्ष) हैं। परिजनो से मिली जानकारी के मुताबिक मृत नवविवाहिता प्रीति कुमारी के पति रश्मिकांत साहू ही स्कॉर्पियो चला रहे थे। समाचार लिखे जाने तक प्रिया कुमारी (23वर्ष) की हालत चिंताजनक बनी हुई है। जबकि अन्य की हालत में सुधार बताया जा रहा है। आपको बताते चलें कि झामुमो नेता की बहन पिंकी देवी की शादी भी उड़ीसा के रायपुरा गांव में ही हुई है ।परिजनो के मुताबिक नवविवाहिता प्रीति कुमारी और पिंकी देवी के शवों को उड़ीसा भेज दिया गया है।

## गंधरिया हादसे में घायलों को रिम्स पहुंचाकर लौट रही 104 एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त,चालक गंभीर

**चतरा:** चतरा सदर प्रखंड के गंधरिया सड़क हादसे में सात घायलों को राजधानी रांची के रिम्स पहुंचाकर चतरा वापस लौट रहा सदर अस्पताल का 104 एंबुलेंस वाहन शनिवार की देर रात डेढ़ बजे सदर थाना क्षेत्र के कुल्लू मोड के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में चालक अमर कुमार (26 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक कोल हाईवा के चकमे के कारण एम्बुलेंस ने अपना संतुलन खो दिया और एम्बुलेंस सड़क के किनारे बने गड्ढे में गिर गई। दुर्घटना में चालक को छाती और रीढ़ की हड्डी में काफी चोट आई है।

## हाईवा की चपेट में आने से लकड़बग्घे की मौत



संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा):** थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव के खलहाखुदी नामक स्थान के समीप हाईवा की चपेट में आने से एक लकड़बग्घे की मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन कर्मियों को दी। सूचना मिलते ही वनरक्षी तारकेश्वर महतो व तिऑफिल बाड़ा सहित अन्य घटना स्थल पर पहुंचे और लकड़बग्घे को जंगल में दफना दिया गया। मालूम हो कि कोलवाहनों की परिचालन से पूर्व में भी कई जंगली पशु- पक्षियों की मौत हो चुकी है। यह भी बताया जाता है कि चतरा से कटकमसांडी जाने वाली पथ पर कोलवाहनों की तेज रफ्तार के साथ रात भर लंबी कतार लगी रहती है। तेज गति से वहनों की परिचालन से आए दिन कोई न कोई दुर्घटनाएं होती रहती है। वहीं हाईवा ने अहले सुबह सड़क पार कर रहे एक लकड़बग्घे को अपने चपेटे में ले लिया। जिससे लकड़बग्घा की मौत घटना स्थल पर हो गई।मौके पर वनकर्मी के साथ-साथ कैटल गार्ड दिलीप दास,भैरव साव,उमेश कुमार राणा,लेखो साव सहित अन्य मौजूद थे।

### मंईयां सम्मान योजना


# गलत तरीके से योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं को लौटानी होगी पूरी राशि

संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मंईयां सम्मान योजना को लेकर बड़ा अपडेट है। जिन लोगों ने गलत तरीके से इस योजना का लाभ लिया है उन्हें पूरी राशि लौटानी होगी। सरकार यह निर्देश पहले ही जारी कर चुकी है। बीते कुछ महीनों से सभी जिलों में सत्यापन का कार्य चल रहा है। इस दौरान पता चला कि कई महिलाएं जो पेंशनधारी हैं या फिर जिनके पति किसी सरकारी नौकरी में हैं उन घरों की महिलाएं भी इसका लाभ ले रही है।

**गलती तरीके से लाभ लेने वालों की होगी सूची तैयारः** सरकार के निर्देश के बाद अब इन लोगों से पैसों की वसूली की जाएगी। ऐसे महिलाओं की सूची प्रखंडवार तैयार करने का निर्देश जारी किया गया है। झारखंड के सभी जिलों में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की गहनता से जांच की जा रही है। हर जिले में अभी भौतिक सत्यापन का कार्य जोरशोर से चल रहा है। दरअसल आधार कार्ड से बैंक खाते का लिंक होने के बाद दोहरा लाभ लेने वालों महिलाओं के बारे में आसानी से पता लगाया जा सकता है।

**पहले भी आ चुकी है मंईयां सम्मान योजना में फजीर्वाड़े की खबरें:** इससे पहले भी मंईयां सम्मान योजना में फजीर्वाड़े को लेकर कई सूचना सामने आ चुकी है। मार्च के महीने में रांची के तमाड़ प्रखंड में 112 महिला लाभुकों के पैसे एक ही व्यक्ति के अकाउंट में ट्रांसफर होने का मामला सामने आया था। आरोपी का नाम कार्तिक पातर था, जिन्हें गिरफ्तार किया गया था। जांच में पता चला था कि उसका भाई एक प्रज्ञा केंद्र का संचालक है, जिनकी मदद से उसने इस खेल को अंजाम दिया था। इसका बंगाल के लोगों द्वारा भी फर्जी तरीके से इस योजना का लाभ लेने की खबरें आयी थी। इन सभी मामलों पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है।




## खूंटी में फायरिंग, नाबालिग के हाथ में लगी गोली



संवाददाता

**खूंटी:** जिले के कर्रा रोड महादेव मंडा स्थित महादेव टोली में एक नाबालिग लड़के को टारगेट कर गोली चला दी गयी। गोली नाबालिग के हाथ में लगी और वह जख्मी हो गया। इस दुस्साहसिक वारदात को आज यानी रविवार को भोरे-भोर अंजाम दिया गया। नाबालिग को गोली मारने के बाद हमलावर मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा। गोली चलने की आवाज पर आसपास के लोग मौके पर जुट गये। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि महादेव टोली निवासी कृष्णा नायक का बेटा कुणाल नायक अपने घर के पास स्थित एक होटल के पास था। तभी उसके ही मोहल्ले के अभी नायक ने उसे बुला कर महादेव टोली स्थित एक कबाड़ी में ले गया जहां पर पहले से ही दूसरा लड़का जिसका नाम शिवा बताया जा रहा है वहां मौजूद था। जब कुणाल नायक वहां पहुंचा, तो अभी नायक और शिवा नायक द्वारा बंदूक दिखाने के कर्म में शिवा द्वारा चलाई गई गोली कुणाल नायक के हाथ ने लगी जिससे वो घायल हो गया। कुणाल नायक ने बताया कि दोनों लड़के उसके मोहल्ले के ही है। बताया जा रहा है कि बंदूक अभी नायक की थी, और गोली शिवा द्वारा चलाई गई थी जिससे कुणाल घायल हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक पुलिस बल के साथ घटना स्थल और अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है कि बंदूक किसका था और इनलोगों के पास कहा से आया। फिलहाल पुलिस दोनों युवकों की तलाशी में छापेमारी कर रही है।

### आतंकवाद के खिलाफ भारतीय एकता कमेटी का विरोध प्रदर्शन

## आतंवादियों को जड़ से खत्म किया जाये: गुलाम मुस्तफा

मेट्रो रेज

**रांची:** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची के तत्वावधान में जम्मू कश्मीर पहलगाम में आतंकवादी हमला किए जाने के विरुद्ध जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया । सभी ने हाथ में बैनर लिया हुआ थ। काला बिल्ला लगाए हुए थे और हाथ में काला कपड़ा भी पकड़े हुए थे। इस अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा के आतंकवाद का कोई भी जात धर्म मजहब नहीं होता है इन लोगों को जड़ से खत्म किया जाए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और गृहमंत्री अमित शाह जी से अपील करता हूं के इन आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाए हम सभी भारतवासी आप लोगों के साथ हैं आतंकवाद मुदार्बाद शुरू से था और मुदार्बाद ही रहेगा इस अवसर पर सेक्रेटरी रामेश्वर राम जी ने कहा कि हम लोगों का बॉर्डर बहुत मजबूत है कटीले तारों से घिरा हुआ है फिर भी यह आतंकवादी हमारे देश के अंदर कैसे पहुंच जाते हैं यह बहुत बड़ा एक सवालिया निशान है ! गुलाम सरवर रिजवी निसार बाबा बुलंद अख्तर जी प्रोफेसर मोहम्मद वसीम मोहम्मद सितारे भाई पवन कुमार और मनोज राम ने एक आवाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मांग की है के इन आतंकवादियों को जड़ से सफाया किया जाए हमारा देश किसी से कमजोर नहीं है हम लोग दुश्मन देश से लड़ने में सक्षम हैं 26 मासूम बेगुनाह बेकसुर इस दुनिया से चले गए इन लोगों को बचाने के लिए दो मुस्लिम कश्मीरी भी शहीद हो गए इसका बदला तुरंत लेना चाहिए गुलाम मुस्तफा ने बहुत अफसोस और दिल में नाराजगी के साथ कहा है कि मंगलवार को पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटना हुआ और आज शुक्रवार हो गया अब तक बदला नहीं लिया गया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह तुरंत एक्शन लीजिए खतरनाक बदला लिया जाए हेलीकॉप्टर से खोजा जाए लड़ाकू जहाज भेजा जाए इन आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाए जहां कहीं भी यह आतंकवादी छुपे हुए हैं इन लोगों को खत्म किया जाए। यह हमारे प्यारे महान देश भारत के लिए बहुत बड़ा खतरा है हम लोगों की जरूरत है तो हम लोग भी इन आतंकवादियों टेरोरिस्ट से लड़ने के लिए से आगे आगे जाएंगे पीछे नहीं हटेंगे। अब जम्मू कश्मीर में टूरिस्ट लोग जाने से भी डरेंगे और जम्मू कश्मीर के लोगों का मुख्य स्रोत आमदनी यही टूरिस्ट लोग हैं। अगर टूरिस्ट लोग जम्मू कश्मीर जाना बंद कर देंगे तो जम्मू कश्मीर के लोग भूखे मर जाएंगे। जम्मू कश्मीर एक गरीब राज्य है और वह टूरिस्ट पर ही निर्भर करते है।




## रांची समेत पूरे राज्य में बारिश के आसार, ऑरेंज अलर्ट जारी



**रांची :** झारखंड में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला हुआ है। रांची में रविवार के सुबह से ही आसमान में बादल छाये हुए हैं। इससे राजधानीवासियों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग की मानें तो आज शाम से ही रांची, रामगढ़ समेत कई जिलों में बारिश हो सकती है। कई जिलों में ओलावृष्टि के साथ तेज हवा, मेघ गर्जन की भी संभावना है।

**आज शाम इन जिलों में बारिश के आसार:** रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 27 फरवरी यानी आज की शाम रांची, रामगढ़, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ साहिबगंज में बारिश की संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में तेज हवा के साथ मेघ गर्जन की संभावना है।

**सोमवार को 20 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट:** 28 अप्रैल को भी 20 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 29 अप्रैल को भी कोडरमा, रामगढ़, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम, धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा और साहिबगंज में भारी वर्षा के आसार हैं। पूरे राज्य में 30 अप्रैल तक मौसम का मिजाज इसी तरह रहेगा। वहीं, बीते 24 घंटे की बात करें तो सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 44.1 डिग्री सेल्सियस और सबसे न्यूनतम तापमान चतरा में 20.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रांची में 38.6 डिग्री और जमशेदपुर में 42.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## धूमधाम से मनाया जा रहा है संकट मोचन हनुमान मंदिर का 11वां वार्षिकोत्सव समारोह

मेट्रो रेज

**रांची:** संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति,शिव शक्ति नगर,न्यू मधुकम रोड नंबर 05 एच के तत्वावधान मे संकट मोचन हनुमान मंदिर का 11 वां वार्षिकोत्सव समारोह का 25 अप्रैल को कलश शोभा यात्रा से शुभारंभ हुआ । जिसमें हजारों महिला एवं पुरुष शामिल हुए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी भैरव सिंह, टिंकू चौधरी,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा मौजूद थे।

03 दिवसीय वार्षिकउत्सव समारोह की पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी युगल पाठक,मुकेश पंडित,अरविंद पांडे द्वारा विधि विधान से कराई जा रही है। आज 26 अप्रैल को प्रातः वेदी पूजन,शिखर पूजन,सुंदर कांड, भव्य जागरण एवं महाआरती हुई।कल 27 अप्रैल को पूणार्हुति एवं महाभंडारा होगी। इस समारोह को सफल बनाने मे मुहल्ला के राजेश सोनी,सुनीता झा,मोहित झा,सीमा देवी,संजू देवी,प्रतीक सोनी,शिबू पासवान,अनुज झा, ऋतिक सोनी,अनिल शर्मा,बिमल कुमार झा,खुशी कुमारी,पीयूष सोनी,बबलु कुमार गुप्ता,आयुष वर्मा, मुकेश कुमार झा,आदित्य कुमार गुप्ता,कुणाल शिवम कुमार,वत्स,मीणा सिंह,शिबू कुमार,अनुज झा,प्रतीक सोनी, मुकेश झा,पीयूष सोनी,अनिल शर्मा,विकाश कुमार सोनी,प्रेम वर्मा,ऋतिक सोनी,राहुल वर्मा, शिवम कुमार,अरुण मिस्त्री व अन्य सहयोग कर रहे हैं।




**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ऑनलाइन खुली ई-निविदा सूचना**

(सर्वे एवं निर्माण)

क्रमांकः एनडब्ल्यूआर/एससी/एस डब्ल्यू एम-जे.पी/सिविल/514110108 दिनांकः 25/04/225

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजिनियर (निर्माण) – पंचम, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ऑनलाइन ई – निविदा ( दो पैकेट प्रणाली) ई टेंडरिंग प्रणाली पर निर्धारित इलेक्ट्रोनिक प्रपत्र पर आमंत्रित करते है : **1. ई टेंडर संख्या :** एनडब्ल्यूआर/एससी/एस डब्ल्यू एम- जे. पी/सिविल/514110108 **2. कार्य का नाम एंव स्थान :** मुख्य अभियंता निर्माण – III, उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न निर्माण स्थलों/खंडों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं (पीएमएस) प्रदान करने हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। **3. कार्य की अनुमानित लागत :** 14,52,94,574.00 रूपये **4. बयाना राशि :** 8,76,500.00 रूपये **5. निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एंव समय :** 29/04/2025 को 15.00 बजे तक **6. वैबसाइट का विवरण जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखी जा सकती है :** भारतीय रेलवे की ई टेंडरिंग वैबसाइट www.ireps.gov.in **7. कार्यालय ई मेल पता :** dyceciljp@gmail.com

**477-CR/25**

हमें /NWRailways /NWRailways पर फॉलो करें


## आरकेडीएफ विवि में पांच दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला का सफल आयोजन

संवाददाता

**रांची:** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, रांची के यांत्रिक अभियंत्रण विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय हैंड्स-ऑन रोबोटिक्स कार्यशाला का आज विधिवत समापन हुआ। 21 से 25 अप्रैल 2025 तक आयोजित इस कार्यशाला में बीटेक एवं डिप्लोमा छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को रोबोट मैकेनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्डुइनो प्रोग्रामिंग, सेंसर इंटीग्रेशन और यूएसबी-सीरीयल नियंत्रित ड्राइव बॉट के निर्माण जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था।

कार्यशाला में देशभर के विशेषज्ञों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। डॉ विजय भास्कर सेमवाल, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, मेनआईट भोपाल ने बाइपेडल लोकोमोशन और ह्यूमन गेट एनालिसिस पर व्याख्यान दिया। डॉ विजय कुमार डल्ला, सहायक प्रोफेसर, यांत्रिक विभाग, एनआईटी जमशेदपुर ने रोबोटिक्स के विविध आयामों की खोज पर जानकारी दी और रोबोट एनालाइजर सॉफ्टवेयर का प्रदर्शन किया। डॉ कौशिक कुमार, प्रोफेसर, यांत्रिक विभाग, बीआईटी मेसरा ने स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग में इंटेलिजेंट कोबोटिक सिस्टम पर व्याख्यान देते हुए कोबोट डिजाइन और औद्योगिक उपयोग की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। डॉ गोलक बिहारी महंत, सहायक प्रोफेसर, मेकाट्रॉनिक्स एवं ऑटोमेशन विभाग, एनआईटी पटना ने फ्रॉम क्यूरोसिटीटू क्रिएशन, डीप ड इनटू दी वर्ल्ड ऑफ रोबोट विषय पर रोबोटिक्स के सैद्धांतिक व प्रायोगिक पक्षों पर चर्चा की । योगेन्द्र कुमार, ओटीएस वर्ल्ड, ने आरडिनो रोबोटिक्स पर व्यावहारिक डेमो प्रस्तुत किया और सरल प्रोटोटाइपिंग के जरिये छात्रों को इनोवेशन की प्रेरणा दी। समापन सत्र में डॉ। राजीव रंजन, यांत्रिक विभाग, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, रांची ने प्रयोगात्मक रोबोटिक्सः लैब से वास्तविक दुनिया तक पर विचार साझा किए।

कुलपति डॉ एस चटर्जी ने इसे नवाचार और तकनीकी सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कुलसचिव डॉ अमित कुमार पांडेय ने छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में इसे एक अहम कदम बताया, जबकि सहायक कुलसचिव डॉ पंकज चटर्जी ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर और अनुसंधान के प्रति जागरूक बनाते हैं। कार्यशाला के समापन पर डॉ बीआरपी सिंह, डॉ निरंजन मिश्रा, शैलेन्द्र कुमार, खुशबू कुमारी, रितु कुमारी, अंकिता कुमारी और प्रसून कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। समापन अवसर पर दीपक कुमार गुप्ता ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों, संकाय सदस्यों एवं आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। छात्रों ने इसे एक प्रेरक, ज्ञानवर्धक और भविष्य उन्मुख अनुभव बताया।




**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम– विजय शंकर पाण्डेय, उम्र 42 वर्ष, रंग–काला, ऊँचाई–5 फीट 6 इंच, पहनावा– नेवी ब्लू रंग का हाफ टी–शर्ट एवं काला रंग का जिन्स फूल पैन्ट पहना है।**

उपरोक्त लापता पुरूष विजय शंकर पाण्डेय, उम्र 42 वर्ष, आवेदक दया शंकर पाण्डेय, सा0–आर्दश नगर, थाना–टाटीसिलवे, जिला– राँची जो दिनांक–19.03.25 को समय करीब 19:00 बजे अपने घर से मुम्बई जाने के लिए निकले तथा वहाँ नही पहुँचे और उनका मोबाईल भी स्वीच ऑफ बता रहा है, जो आजतक अपने घर वापस नहीं आये है। जिसके संबंध में टाटीसिलवे थाना सनहा संख्या–19/2025, दिनांक–31.03.2025, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, मु0–1, राँची। –9431706141

थाना प्रभारी टाटीसिलव राँची। –9431706174

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 351155 Police(25-26).D



## एक पेरेंट से बच्चा करने लगा है नफरत, तो समझें कहीं कुछ गलत कर रहे हैं आप

आपने ये तो सुना होगा कि एक से ज्यादा बच्चे होने पर मां-बाप उनमें से किसी एक को अधिक प्यार करते हैं या कोई एक बच्चा उनका फेवरेट होता है। लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि अपने दोनों पेरेंट्स में से बच्चे के लिए भी कोई एक पेरेंट फेवरेट हो सकता है। जी हां, कई पेरेंट्स यह शिकायत करते हैं कि उनका बच्चा उनसे कम प्यार करता है और वो अपने दूसरे पेरेंट से ज्यादा लगाव रखता है। इस आर्टिकल में हम इसी बात पर चर्चा करेंगे कि बच्चों को ऐसा क्यों लगता है और क्या उनका यह रवैया उम्रभर तक रहता है या एक उम्र के बाद इस स्थिति में बदलाव आ सकता है।

### बच्चों का नजरिया

जॉन बोल्बी की प्रसिद्ध अटैचमेंट थ्योरी के अनुसार, बच्चे सुरक्षा के लिए अपनी देखभाल करने वालों के पास रहना चाहते हैं। यह भावनात्मक विकास का एक सामान्य हिस्सा है। उनकी थ्योरी बताती है कि बच्चों के शुरुआती संबंध उनके भावनात्मक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### उम्र का डेवलपमेंट पर असर

बच्चे के विकास के साथ उसकी दुनिया को लेकर धारणा भी बदलती है। छोटे बच्चे अक्सर उस माता-पिता की ओर आकर्षित होते हैं जो उनके साथ अधिक समय बिताते हैं। वहीं, बड़े बच्चे अपने जैसी रुचियों या व्यक्तित्वों के आधार पर पसंद विकसित कर सकते हैं। जर्नल ऑफ मैरिज एंड फैमिली में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि विभिन्न विकासात्मक चरणों के दौरान बच्चों की पसंद एक माता-पिता से दूसरे की ओर बदल सकती है। यह केवल एक साथ बिताए समय के बारे में नहीं है बल्कि इसमें क्वालिटी टाइम भी महत्वपूर्ण होता है।

### क्या पेरेंट्स के बीच कॉम्पीटिशन होना चाहिए

सुनने में भले ही यह आश्चर्यजनक लगे, लेकिन माता-पिता के बीच थोड़ा हेल्दी कॉम्पीटिशन होना लाभकारी हो सकता है। इससे दोनों को अपने पेरेंटिंग स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे बच्चे को दोनों माता-पिता से सबसे अच्छा मिलता है। जर्नल ऑफ मैरिज एंड फैमिली में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि माता-पिता के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बच्चों के लिए सकारात्मक परिणाम उत्पन्न होते हैं और उनके अंदर उपलब्धि की भावना बढ़ती है।

### अनहेल्दी फेवरिटिज्म के संकेत

अगर आपका बच्चा किसी एक पेरेंट को पसंद करता है और आपके साथ गलत व्यवहार करता है, तो आप कुछ संकेतों से इस समझ सकते हैं। इन संकेतों में हर एक्टिविटी से किसी एक पेरेंट को दूर रखना, पेरेंट के साथ अपमानजनक तरीके से व्यवहार करना और अपने फेवरेट पेरेंट के आसपास न होने पर तनाव में आ जाना।



## वॉल डेकोर के यह आईडियाज देंगे घर को एक न्यू व स्टाइलिश लुक

अगर आप चाहें तो अपनी क्रिएटिविटी बेहद आसानी से घर की दीवारों पर उकेर सकती हैं और उसे एक बेहतरीन लुक दे सकती हैं। जरूरी नहीं है कि दीवारों को सिर्फ फैमिली फोटोज की मदद से ही सजाया जाए। यकीनन फैमिली फोटोज आपके घर को एक पर्सनल टच देती हैं, लेकिन इसके अतिरिक्त भी वॉल डेकोर के आईडियाज का कोई अंत नहीं है।

घर की सजावट में दीवारों का एक अहम रोल होता है। अगर आप चाहें तो अपनी क्रिएटिविटी बेहद आसानी से घर की दीवारों पर उकेर सकती हैं और उसे एक बेहतरीन लुक दे सकती हैं। जरूरी नहीं है कि दीवारों को सिर्फ फैमिली फोटोज की मदद से ही सजाया जाए। यकीनन फैमिली फोटोज आपके घर को एक पर्सनल टच देती हैं, लेकिन इसके अतिरिक्त भी वॉल डेकोर के आईडियाज का कोई अंत नहीं है। दीवारों को सजाने के लिए आपको महंगे-महंगे शोपीस को खरीदने की जरूरत नहीं है। आप घर में मौजूद ही कुछ चीजों के जरिए बेहद आसानी से अपनी दीवारों को एक नया स्वरूप दे सकती हैं।

### वॉल प्लांट्स

दीवारों को सजाने का एक बेहद आसान और खूबसूरत तरीका है प्लांट्स। यह उन घरों के डेकोर का भी अच्छा आईडिया है, जिन्हें हमेशा स्पेस की परेशानी होती है। आप दीवार पर ही कुछ प्लांटर्स लगाकर उनमें कुछ छोटे पौधे लगाएं। यकीन मानिए, इसके बाद आपको दीवार को सजाने के लिए अलग से कुछ करने की जरूरत नहीं होगी।

### दें पर्सनल टच

दीवारों को पर्सनल टच देने के लिए हर बार फैमिली फोटोज टांगना जरूरी नहीं है। आप दीवार पर उन चीजों को भी सजा सकती हैं, जो आपको पसंद हैं। मसलन, अगर आपको संगीत का शौक है तो आप म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट दीवार पर सजा सकती हैं। इसी तरह आपको ड्राइंग या क्राफ्टिंग करना पसंद हैं तो आप दीवार पर अपने हाथों से एक आर्टपीस तैयार करके सजाएं। यह देखने में बेहद ही अच्छा लगता है, साथ ही अपने हाथों से घर को सजाने से एक अलग सुकून मिलता है।

### सीलिंग पर फोकस

घर में दीवारों का अर्थ सिर्फ साइड की वॉल नहीं होतीं, बल्कि जरूरी है कि आप सीलिंग पर भी फोकस करें। आप सीलिंग को भी खूबसूरत बनाकर



अपने घर का लुक बदल सकती हैं। आप चाहें तो इसे खुद भी पेंट कर सकती हैं या फिर आजकल मार्केट में कई बेहतरीन डिजाइन के थ्री डी वॉलपेपर मिलते हैं, उन्हें भी सीलिंग पर इस्तेमाल किया जा सकता है। यह घर को एकदम रियल व डिफरेंट लुक देते हैं।

### मैग्नेटिक वॉल

दीवारों को सजाने का यह आईडिया उन घरों के लिए बेस्ट हैं, जिनके घर में छोटे बच्चे हैं। आप घर की एक दीवार को मैग्नेटिक बनाकर उसमें एल्फाबेट आदि चिपका सकती हैं। इस तरह आप हर दिन दीवार पर एक नया विचार लिख सकती हैं। साथ ही इससे बच्चे को भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

### बास्केट लुक

अगर आपके अपने घर की दीवारों को एकदम डिफरेंट लुक देना चाहती हैं तो आपको थोड़ा एक्सपेरिमेंटल होना पड़ेगा। इसके लिए आप अलग-अलग साइज व कलर की बास्केट को दीवार पर सजाएं। यह देखने में एकदम यूनिक लगता है। इसी तरह आप प्लेट्स या छोटे मिरर को भी दीवार पर सजाकर उसे खूबसूरत बना सकती हैं।





## होम गार्डनिंग शुरू करने के आसान टिप्स

गार्डनिंग करने का शौक अगर आपको भी है तो आप खुद का गार्डन अपने घर में बना सकती हैं। गार्डनिंग शुरू करने के पांच आसान स्टेप्स हम आपको बताने वाले हैं।

अपने घर के अगल बगल हरियाली किसको पसंद नहीं होती है। हालांकि शहरों में हरियाली न होने के कारण ज्यादातर लोग खुद का गार्डन बनाना पसंद करते हैं। कई लोग अपने गार्डन में केवल फूल रखते हैं तो कई लोग अपने गार्डन में सब्जियों की खेती भी करते हैं। गार्डन छोटा हो या बड़ा आप चाहें तो आसानी से उसमें अपनी पसंदीदा चीज़ों को उगा सकती है।

### उचित स्थान चुने

गार्डनिंग करने के लिए जरूरी है आपको सही जगह का चयन करना। अगर आपके पास गार्डन नहीं है तो आप अपनी बालकनी में भी गार्डनिंग कर सकते हैं। इसके लिए आपको मिट्टी के गमले ख़रीदने होंगे।

### अच्छे बीज चुनें

गार्डनिंग आप कहीं भी क्यों न कर रहे हो आप को सही तरीके का बीज चाहिए होगा। बीज जितना अच्छा होगा उतनी जल्दी आपके पौधे में सब्जी और फूल प्राप्त होंगे। बीज खरीदते समय आपको खास ध्यान देना होगा।

### कौन सा गमला होगा बेस्ट

अगर आप पौधों में सब्जियां फल उगाने की कोशिश कर रहे हैं तो आपको मिट्टी का गमला ही खरीदना चाहिए। मिट्टी के गमले में पौधे की ग्रोथ काफी ज्यादा अच्छी होती है। नहीं ऐसे में इन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाना भी आसान होता है।

सही मिट्टी का चयन करें पौधों की ग्रोथ के लिए मिट्टी का चयन करना काफी ज़्यादा ज़रूरी है। मिट्टी लेते समय ध्यान रखें कि मिट्टी ना तो ज्यादा हार्ड हो और ना ही ज्यादा चिपचिपा। पौधे लगाने के लिए मिट्टी निम्न प्रकार की होनी चाहिए। इससे पौधे अच्छे उठते हैं।

पौधे को समय पर पानी दें पौधों की सही तरीके से ग्रोथ चाहते हैं तो आपको होम गार्डनिंग के दौरान भी पौधों को समय समय पर पानी देते रहना चाहिए। इससे आपके पौधे की ग्रोथ काफी ज्यादा अच्छी होती है। अगर आप इन बातों को फ़ॉलो करते हैं तो आपका हूँ गार्डनिंग करने का सपना पूरा हो सकता है।





## सामान की पैकिंग में निकले हुए थर्माकोल का ऐसे करें इस्तेमाल

हम सभी अपने बगीचे को सुंदर बनाने के साथ-साथ पौधों के साथ अलग-अलग डिजाइनर गमले खरीद कर लाते हैं। बाजार में मिलने वाले इन गमलों का रेट इतना ज्यादा होता है कि हर कोई इन्हें खरीद नहीं पाता हैं। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी तरकीब के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप कम पैसे में इन गमलों को घर पर ही तैयार कर सकती हैं। जी हां घर पर। हम सभी के किचन और लिविंग एरिया के लिए बर्तन या डेकोरेशन आइटम खरीद कर लाते हैं। क्रॉकरी से लेकर कांच के डिजाइनर आइटम्स को अक्सर दुकानदार पेपर या थर्माकोल से बने बॉक्स में पैक करके देते हैं ताकि इन सामान को लाने-ले जाने में दिक्कत का सामना न करना पड़े। अगर आपके घर पर थर्माकोल का बॉक्स रखा हैं तो आप इसकी मदद से गमले तैयार कर सकती हैं।

### थर्माकोल के डिब्बे बनाएं फ्लावर पॉट

ऑनलाइन के अलावा बाजार से भी कांच और फर्नीचर का सामान खरीदने पर अक्सर थर्माकोल के बॉक्स मिलते हैं। क्या आप इसे घर लाने बाद इन बॉक्स को बेकार समझकर फेंक देती हैं। बता दें, कि आप इनका उपयोग कर कई प्रकार का सामान बना सकती हैं। चलिए जानते हैं इससे गमला बनाने का तरीका

### जरूरी सामान

थर्माकोल बॉक्स, पेंट, ग्लू, कैंची

### बनाने का तरीका

- गमला बनाने के लिए सबसे पहले बॉक्स को इकट्ठा कर लें। अब इन डिब्बों को अच्छे से साफ कर लें।
- साफ करने इन डिब्बों पर अपना मनपसंद रंग करके पेंट कर सकती हैं।
- आप चाहे तो इसे ऐसे ही इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा बॉक्स को और सुंदर बनाने के लिए आप इस पर पेंट की मदद से छोटे-छोटे फूल पत्ती का डिजाइन बनाकर सजा सकती हैं।
- इसके बाद इसे धूप में सुखाने के लिए छोड़ दें।
- अब आप इस बॉक्स में मिट्टी भरकर पौधा लगा सकती हैं।
- ध्यान रखें कि थर्माकोल के बॉक्स को पेंट करने के लिए वाटर प्रूफ पेंट का इस्तेमाल करें।

### बना सकती हैं ऑर्गेनाइजर

- थर्माकोल बॉक्स की मदद से आप सामान रखने के लिए घर पर ऑर्गेनाइजर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए बॉक्स को साफ करके उसमें ग्लू की मदद से न्यूजपेपर को पेस्ट कर दें।
- अब इसे सुखाने के बाद इस पर पेंट की मदद से कलर करके इसे अच्छे से धूप में सुखाएं।
- सामान रखने से पहले पेंट को टच करके चेक करें कि कहीं कलर निकल तो नहीं रहा।
- अब इस में आप कपड़े से लेकर बच्चों के खेलने का सामान भी रख सकती हैं।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## नीट- यूजी परीक्षा की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक

# परीक्षा निष्पक्ष तरीके से संपन्न होनी चाहिए, कोताही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

मेट्रो रेज




**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में आगामी 4 मई2025 को होने वाले नीट यूजी की परीक्षा की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाये गये तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने नीट यूजी परीक्षा में प्रतिनियुक्त अधिकारियों को कहा कि नीट यूजी के लिए जारी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करना है। परीक्षा निष्पक्ष तरीके से होनी है, जिसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। परीक्षा से संबंधित सभी अधिकारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की गाइडलाइन का अध्ययन कर लें। परीक्षा केंद्रों के हर क्लास रूम में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में परीक्षा पूरी होगी। दोपहर दो बजे पांच बजे तक परीक्षा होगी। केंद्रों पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। पीने के पानी, शौचालय, बिजली तथा विकल्प की भी व्यवस्था होनी चाहिए। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के पहले परीक्षार्थियों की जांच होगी। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल व दंडाधिकारियों की तैनाती होगी। अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखनी है। ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नामांकन के लिए आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

मेट्रो रेज



**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 725 सीट के विरुद्ध नामांकन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में समिति द्वारा 706 सीटों पर नामांकन करने की स्वीकृति दी गई। सभी वार्डेन को निर्देश दिया गया कि बचे हुए सीट पर प्राप्त आवेदन के आधार पर नामांकन करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बैठक के दौरान सभी विद्यालयों में सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, रसोईघर और कक्षों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

## पहलगाम आतंकियों के विरुद्ध हो कार्रवाई : विधायक



मेट्रो रेज

**साहिबगंज:** झारखंड समाज सेवा पहलगाम में कायराना हमला करने वाले आतंकियों के विरुद्ध हो कार्रवाई- विधायक झारखंड समाज सेवा संगठन के बैनर तले आयोजित वक्फ बिल के महाधरना के दौरान क्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी, मुफ्ती रजाउल हक, मुफ्ती मंजूर व मौलाना फारुक हुसैन समसी सहित अन्य ने जम्मू कश्मीर में टूरिस्ट पर हुए हमला जिसमें लगभग 27 लोगों की मौत हुई. इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों के द्वारा जो यह कायराना हरकत की गई है जिसमें टूरिस्ट की मौत हुई है. मृतक को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं और केंद्र सरकार इस पर कड़ी कार्रवाई करें हम सभी साथ हैं। आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और पाकिस्तान देश के विरुद्ध भी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो सके। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी, मुफ्ती रजाउल हक, मुफ्ती मंजूर व मौलाना फारुक हुसैन समसी सहित अन्य ने जम्मू कश्मीर में टूरिस्ट पर हुए हमला जिसमें लगभग 27 लोगों की मौत हुई। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों द्वारा जो यह कायराना हरकत की गई है। जिसमें टूरिस्ट की मौत हुई है। मृतक को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं। और केंद्र सरकार इस पर कड़ी कार्रवाई करें हम सभी साथ हैं।आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और पाकिस्तान देश के विरुद्ध भी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो सके।

## भाजपा के स्थायी कार्यालय निर्माण को लेकर आयोजित भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न

मेट्रो रेज



**दुमका:** भारतीय जनता पार्टी दुमका जिला संगठन के लिए एक ऐतिहासिक क्षण शनिवार को साकार हुआ, जब डंगालपाड़ा में पार्टी के स्थायी जिला कार्यालय के निर्माण हेतु विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस गरिमामयी अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन संपन्न किया और ईश्वर से संगठन के उत्तरोत्तर विकास एवं जनसेवा के संकल्प को सुदृढ़ करने का आशीर्वाद मांगा।

कार्यक्रम में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका सहित कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और ऊंचाइयों तक पहुंचाया। प्रथम प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद, जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर, पूर्व सांसद सुनील सोरेन एवं जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किया।

भूमि पूजन सह शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में अद्भुत उत्साह, उमंग एवं संगठन के प्रति अपार श्रद्धा देखने को मिली। हर चेहरे पर हर्ष और उत्साह की झलक स्पष्ट थी।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यालय केवल भवन नहीं, बल्कि भाजपा के विचार, संकल्प और कार्यकताओं की निष्ठा का जीवंत प्रतीक बनेगा। स्थायी कार्यालय संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन को नई ऊर्जा देगा और भाजपा को जन-जन से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा।

कार्यक्रम के समापन पर जिलाध्यक्ष श्री प्रसाद ने समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यालय आने वाले समय में संगठन को और अधिक सशक्त करने का आधार बनेगा तथा भाजपा के कार्यकर्ता इसे सेवा, समर्पण और संगठन के मंदिर के रूप में प्रतिष्ठित करेंगे। जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने बताया इस ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निवास मंडल, परितोष सोरेन, डॉ. अंजुला मुर्मू,अमिता रक्षित, डॉ शर्मिला सोरेन,अमरेंद्र सिंह, मृणाल मिश्रा, रविकांत मिश्रा, पवन केसरी, धर्मेंद्र सिंह बिट्ठू, मार्शल ऋषिराज टुडू, विवेकानंद राय, पिंटू साह, गुंजन मरांडी, पिंटू अग्रवाल, दिनेश सिंह, रूपेश मंडल, बिमल मरांडी, दीप्तांशु कोचगवे, ममता साह, प्रिया सिंह, अजय गुप्ता, ओम केसरी,श्रीधर दास, नकुल साह, किशोरेंद्र दास, अमन राज, नीतू झा, कुश पाल, इंद्रजीत कुमार, ध्रुवज्योति महंता, केएन. सिंह, प्रवीण सिंह, संतोष साह, विश्वनाथ राय, दीपाली मंडल, रानी सिंह, वीरेंद्र मरांडी, सौरभ चौधरी, रंजीत यादव, हराधन मंडल, ऋषिकेश गुप्ता, मुरलीधर पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अमन, चैन व शांति के लिए हज के दौरान करेंगे दुआ : विधायक

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** वर्ष 2025 के हज यात्रा को लेकर रांची हज कमेटी के निर्देश पर राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में राजमहल और उधवा के 51 हज यात्रियों का टीकाकरण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक आदरणीय मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा शामिल हुए। उन्होंने हज यात्रा में जाने वाले सभी हज यात्रियों से मुलाकात किया। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि क्षेत्र के अमन, चैन, शांति व विकास के लिए हज के दौरान दुआ करेंगे. विधायक जी ने कहा कि हज यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो स्वास्थ्य विभाग इसका ध्यान रखेंगे. अगर कोई आवश्यकता होती है। तो उन्हें सूचित करें त्वरित पहल होगी। उन्होंने माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सभी हज यात्रियों का स्वागत किया. अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू ने बताया कि राजमहल व? उधवा से 51 हज यात्री पंजीकृत है जिनका टीकाकरण किया जा रहा है इनमें 31 पुरुष एवं 20 महिलाएं शामिल है मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डु, हज कमेटी के मो हाजी मखदूम, बीपीएम अमित कुमार सहित अन्य मौजूद थे। जबकि अस्पताल में जल्द इमरजेंसी महिला वार्ड बनाएं। विधायक ने अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किए. इमरजेंसी वार्ड, अल्ट्रासाउंड रूम, एक्स-रे रूम, लैब , ओपीडी, दवा वितरण केंद्र का जायजा लिए. उन्होंने अस्पताल के उपाधीक्षक को कहा कि जल्द महिला इमरजेंसी वार्ड चालू करें ताकि महिलाओं को सुविधा मिल सके. मरीज को मिलने वाली सभी सुविधा से भी अवगत हुए. उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट का इमरजेंसी वार्ड एवं प्रसूता वार्ड में विस्तारीकरण को लेकर उपायुक्त साहिबगंज के साथ वार्ता की जाएगी।

## मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन, 56 मामलों का हुआ निपटारा

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज साहेबगंज व्यवहार न्यायालय व राजमहल अनुमंडल न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। लोक अदालत के आयोजन के दौरान कुल 6 बेंचों का गठन किया गया था। जिसमें कुल 56 मामलों का आपसी समझौते के आधार पर समाधान किया गया। इसके साथ ही कुल 21,900 की समझौता राशि वसूली भी की गई। उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों ने लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया की सराहना की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को त्वरित, सस्ता और सौहार्दपूर्ण समाधान उपलब्ध कराना है। ताकि न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम हो सके।आयोजन को सफल बनाने में सभी न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं व प्राधिकार के कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भाजपा ने किया बाबा साहब सम्मान अभियान संगोष्ठी का आयोजन

मेट्रो रेज



**दुमका :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्रीधर दास की अध्यक्षता में श्रीरामपाड़ा स्थित केबी वाटिका परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए।

कार्यक्रम में झारखंड भाजपा के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, भाजपा प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा एवं दुमका जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद की विशेष उपस्थिति रही,जबकि मंच संचालन अमन राज ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्षबाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के वक्त कांग्रेस-झामुमो -राजद के नेता दुष्प्रचार कर रही थे कि अगर एनडीए की सरकार आई तो संविधान समाप्त कर देगी,आरक्षण समाप्त कर देगी जिसका दूर दूर तक वास्तविकता से कोई नाता नहीं था। पार्टी ने तय किया कि जनता को वास्तविकता जानना चाहिए कि किस प्रकार जिन्होंने 70 साल तक इस देश पर राज किया उनलोगों ने बाबा साहब के साथ कितना दुर्व्यवहार किया,किस प्रकार अपमानित किया किस प्रकार उपेक्षा किया । बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, ह्लनेहरू को अंबेडकर पसंद नहीं थे, कांग्रेस ने उनके साथ लगातार अन्याय किया। उन्हें चुनाव में हराने से लेकर संसद के सेंट्रल हॉल में उनकी तस्वीर न लगाने तक कांग्रेस की सोच में उनके लिए कोई सम्मान नहीं था। यह भारतीय जनता पार्टी ही है जिसने उन्हें सच्चे अर्थों में भारत रत्न दिया और संसद के सेंट्रल हॉल में उनकी तस्वीर लगवाकर उन्हें यथोचित सम्मान प्रदान किया।

उन्होंने झामुमो मंत्री हफीजुल हसन पर सीधा निशाना साधते हुए कहा, संताल परगना से आने वाला एक मंत्री संविधान की शपथ लेकर शरीयत को सर्वोपरि बताता है। जब एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति कहता है कि मुसलमान कब्र में नहीं है, सड़क पर आएगा तो मार-काट होगी–तो यह बाबा साहब के संविधान का खुला अपमान है। मुर्शिदाबाद जैसे हालात पैदा करने का षड्यंत्र झामुमो और उसके नेता कर रहे हैं, जिसे भाजपा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन देश के लिए समर्पित था। कांग्रेस और झामुमो जैसी पार्टियों ने उन्हें केवल भाषणों में याद किया, जबकि भाजपा ने उनके विचारों को नीति और नीयत दोनों में आत्मसात किया है। सामाजिक न्याय और समावेशी विकास ही भाजपा का पथ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी केपूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि अंबेडकर जी चाहते थे कि हर बच्चा झ्र चाहे वो किसी भी जाति, वर्ग या समुदाय से हो झ्र समान अवसर पाए, समान शिक्षा पाए। भाजपा की नीतियाँ इसी सोच पर आधारित हैं। वहीं कांग्रेस-झामुमो जैसी पार्टियाँ बाबा साहब के नाम का उपयोग तो करती हैं, लेकिन उनके विचारों को जमीन पर लागू करने में पूरी तरह विफल रही हैं। बाबा साहब का अपमान करने वाले मंत्रियों को संरक्षण देकर झामुमो ने अपने असली चरित्र को उजागर कर दिया है।

जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जीवनभर वंचितों, शोषितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनकी दृष्टि में शिक्षा सबसे बड़ा हथियार था, जिससे समाज में समानता और सम्मान का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने बताया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निवास मंडल, अमरेंद्र सिंह, अनुज आर्या, अमिता रक्षित, गौरीशंकर यादव, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद सिंह बिट्ठू, मार्शल ऋषिराज टुडू,बबलू मंडल, विवेकानंद राय, जिला मंत्री सोनी हेंब्रम,कालेश्वर लायक, मृणाल मिश्रा, ओम केशरी, जीतलाल राय, दिनेश सिंह, दीप्तांशु कोचगवे, रूपेश मंडल, ममता साह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## न्यूज IN ब्रीफ

### प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य : अखिल कुमार



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार ने जिला न्यायालय के मुख्य द्वार पर प्याऊ का शुभारंभ किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने स्वयं राहगीरों, पुलिसकर्मियों अधिवक्ताओं मजदूरों और दुकानदारों को गुल्कोज मिश्रित शीतल जल प्रदान कर इस पुनीत कार्य की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। यह केवल सेवा नहीं, एक संवेदना है।जो मानवता को जीवित रखती है। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों की छतों पर या बाहर जल पात्र रखें, ताकि पशु-पक्षी भी इस तपती गर्मी में राहत पा सकें। उन्होंने भीषण गर्मी से बचाव के लिए कहा कि बिना आवश्यक कारण धूप में निकलने से बचें. शरीर को ढककर रखें। हल्के और ढीले कपड़े पहनें, सिर पर टोपी, गमछा या छाता अवश्य रखें। समय-समय पर पानी पीते रहें ।शरीर में लू लगने के लक्षण दिखें तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत को निर्देश दिया कि शहर के प्रमुख स्थलों पर भी प्याऊ की व्यवस्था की जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायलय संजय कुमार उपाध्याय, जिला न्यायाधीश सह अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला न्यायाधीश सह अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रजनीकान्त पाठक, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिंधु नाथ लामाये, सिविल जज सीनियर डिविजन अलोक मरांडी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, अधिवक्तागण, पारा लीगल वॉलेंटियर्स सह न्याय मित्र भी उपस्थित थे।

### दो दुकानों में लगी आग, लाखों का नुकसान



**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के जोंका पंचायत के मुहर्रम चौक पर बीती रात को अचानक आग लगने से दो दुकानों को पूरी तरह से जलाकर राख कर दिया। इस अग्निकांड में तौकिल खान और चानू शेख नामक दो गरीब दुकानदारों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। जिससे उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार तौकिल खान मुहर्रम चौक पर चप्पल और गैस सिलेंडर की दुकान चलाते थे, जबकि चानू शेख का वहीं पर एक पोल्ट्री फार्म था। दोनों ही अपनी छोटी-सी दुकानदारी से अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। रोजाना की तरह, दोनों दुकानदार रात में अपनी दुकानें बंद करके घर चले गए थे। देर रात स्थानीय लोगों ने उन्हें उनकी दुकानों में आग लगने की सूचना दी। खबर मिलते ही तौकिल खान और चानू शेख घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया ।लेकिन आग इतनी तेजी से फैली थी कि दुकानों में रखा सारा सामान,जिसमें उनकी व्यापारिक वस्तुएं और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री शामिल थी, जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में दोनों दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, जिससे उनकी आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई है। आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।लेकिन स्थानीय लोगों के बीच ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है। कि यह आग किसी शरारती तत्व या बदले की भावना रखने वाले व्यक्ति द्वारा लगाई गई होगी। पीड़ित दुकानदार तौकिल खान और चानू शेख ने प्रशासन से इस दुखद घटना का संज्ञान लेने और उन्हें उचित मुआवजा प्रदान करने की गुहार लगाई है। ताकि वे दोबारा अपना छोटा-मोटा व्यवसाय शुरू कर सकें और अपने परिवारों का भरण-पोषण कर सकें।

### सिदो-कान्हू मुर्मू विवि ने की बीएड शिक्षकों की नियुक्ति के परिणाम की घोषणा



**दुमका :** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका बीएड विभाग के लिए सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया का परिणाम घोषित कर दिया। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय के पाँच अंगीभूत महाविद्यालयों - एसपी कॉलेज दुमका, एएस कॉलेज देवघर, गोड्डा कॉलेज, पाकुड़ कॉलेज और साहेबगंज कॉलेज में की जानी थी। विश्वविद्यालय द्वारा 5 मार्च को 40 अस्थायी सहायक प्राध्यापक पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसके लिए लगभग 320 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के मानकों के अनुसार लगभग 150 अभ्यर्थी पात्र पाए गए। योग्य अभ्यर्थियों के इंटरव्यू 15, 16 और 17 अप्रैल को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किए गए, जिनमें बाह्य विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। साक्षात्कार के बाद कुल 33 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जबकि 7 पद योग्य उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण रिक्त रह गए। सबसे अधिक रिक्तियाँ एसटी श्रेणी में रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी चयनित शिक्षकों को निर्देश दिया है कि वे 10 कार्यदिवस के भीतर संबंधित महाविद्यालय में योगदान दें। रिजल्ट की घोषणा शुक्रवार को 4 बजे विवि के कुलपति कक्ष में की गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेंद्र यादव, कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार, सीसीडीसी डॉ. अब्दुस सत्तार, वित्त पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा, जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक कुमार दास आदि उपस्थित थे। कुलपति प्रो. सिंह ने नियुक्ति प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि इससे विश्वविद्यालय में अध्ययनरत बीएड छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने कम समय में योग्य और प्रतिभाशाली शिक्षकों का चयन किया है, जिससे शिक्षा का स्तर बेहतर होगा। वहीं, कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि कुलपति की सक्रियता और नेतृत्व में यह पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन नियुक्तियों से बीएड महाविद्यालयों में शैक्षणिक माहौल और सशक्त होगा, जिससे छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

**इन अभियार्थयों का हुआ चयन :** विशाखा कुमारी, सुनील कुमार, सत्यार्थ गौतम, डॉ. देबाशीष मंडल, पूनम कुमारी, आसिष कुमार भारती,डॉ. हरीश कुमार पांडेय, अनुजा कुमारी, डॉ.विभा कुमारी, डॉ. जय शंकर सिंह,कुलदीप दास, डॉ. सुनीता कुमारी, सुनील कुमार गुप्ता, ऋतु सुंडी, हरिपद महतो,डॉ. अर्पित सुमन टोप्पो, नीलिमा तिर्की, स्नेहलता खालको, मनोज कुमार, प्रीतम अविनाश, डॉ. अपर्णा झा, अंकिता केरकेट्टा, डॉ. लीलावती कुमारी, डॉ. अंजू पंडित, डॉ.फेडरिक केरकेट्टा, डॉ.शशि कुमारी तिर्की, अंशु बाला, महमद असदुल्लाह, कुलदीप कुमार पासवान, कविता कुमारी, चंदर्ज्ञान तिर्की, रेबिका सोरेन, अशोक कुमार किस्कू।

# जब राजकुमार ने निभाया 324 साल बूढ़े व्यक्ति का किरदार



बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आगामी फिल्म भूल चूक माफ का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है। इसके ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अभिनेता ने फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ बनाई अपनी पहली फिल्म को याद किया। साथ ही बताया कि ऐसा जोड़ियां स्वर्ग में बनती हैं। आइए जानते हैं आखिर दिनेश विजन के साथ कौन सी है उनकी पहली फिल्म।

हाल ही में राजकुमार राव की कॉमेडी फिल्म भूल चूक माफ का ट्रेलर लॉन्च किया गया। बहुत जल्द अभिनेता फिल्म में नजर आएंगे। इसी मौके पर राजकुमार राव ने दिनेश विजन और मैडॉक फिल्म्स के साथ अपना पहला अनुभव साझा किया। बातचीत में बताया कि उनके उस रोल के बारे में लोगों ने कहा कि ये तो कोई भी कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने दिनेश के साथ अपने अटूट रिश्ते के बारे में भी बात किया।

### किस फिल्म का किया जिक्र?

फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान राजकुमार राव ने फिल्म निर्माता दिनेश विजन और मैडॉक फिल्म्स के साथ अपने पहले अनुभवों को साझा किया। अभिनेता ने कहा, कुछ जोड़िया स्वर्ग में बनती हैं। उनमें से दीनू और मैं एक हैं। हमारा रिश्ता तब शुरू हुआ, जब मैंने साल 2017 में राब्ता फिल्म में एक छोटा सा पार्ट किया था, जिसे दीनू ने निर्देशित किया था। इसके आगे उन्होंने कहा कि उस किरदार के बारे में लोगों ने कहा कि यह तो कोई भी कर सकता था, क्योंकि उस भूमिका में उन्हें कोई पहचान नहीं सकता था।

### इस रोल ने सबको डरा दिया था

राब्ता फिल्म में राजकुमार राव ने 324 साल के एक बूढ़े इंसान का किरदार निभाया था। उन्हें प्रोस्थेटिक मेकअप के जरिए तैयार किया गया था, जिसमें अभिनेता को कोई पहचान नहीं सकता था। इसी फिल्म के बारे में राजकुमार राव कहते हैं कि दिनेश एकमात्र निर्माता हैं, जिनकी वो सारी छोटी और बड़ी फिल्में जानते हैं और उसे ईमानदारी से पंसद भी करते हैं।

# बेस्ट फील्डिंग के लिए प्रसिद्ध जोंटी रोड्स आज पहुंचेंगे छत्तीसगढ़



**रायपुर।** बेस्ट फील्डिंग के लिए मशहूर पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी जोंटी रोड्स को चाहने वाले रायपुरिंस के लिए एक अच्छी खबर है। जोंटी रोड्स आज रविवार को राजधानी रायपुर आ रहे हैं, जहाँ वह क्रिकफेस्ट के चयनित छात्रों के लिए फील्डिंग मास्टर क्लास लेंगे। वह रायपुर के अवंती विहार स्थित इमर्जिंग क्रिकेट एकेडमी के मैदान जाएँगे। उल्लेखनीय है कि क्रिकफेस्ट एक महीने तक चलने वाला क्रिकेट मास्टर क्लास समर कैंप है, जिसका आयोजन अरण्य ने एकाना के सहयोग से किया है। इस कैंप में भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर मेंटर की भूमिका निभा रहे हैं। इसी संदर्भ में जोंटी रोड्स रायपुर आकर क्रिकफेस्ट के छात्रों को फील्डिंग का प्रशिक्षण देंगे। यह एक बेहतरीन अवसर है युवा क्रिकेटर्स के लिए, जहाँ वे विश्वस्तरीय फील्डिंग के गुर सिख पाएँगे।

**क्रिकफेस्ट में चयनित छात्रों को पूर्व अतंरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी जोंटी रोड्स सिखाएंगे क्रिकेट के गुर**

# मानुषी छिल्लर से सीखिए कैसे चुनें ऐसे आउटफिट्स जो हर नज़र को भा जाएं



अंतरराष्ट्रीय ब्यूटी पेजेंट्स से लेकर बॉलीवुड तक का सफर तय करते हुए, मानुषी छिल्लर ने बार-बार साबित किया है कि उनका फैशन सेंस भी उनकी उपलब्धियों जितना ही प्रभावशाली है। पूर्व मिस वर्ल्ड अब एक ऐसी फैशन फोर्स बन चुकी हैं, जिन्हें नज़रअंदाज़ करना मुश्किल है। पारंपरिक भारतीय परिधानों से लेकर आधुनिक इंटरनेशनल ट्रेंड्स तक, मानुषी हर लुक में एक खास एलिगेंस और स्टाइल लेकर आती हैं। उनके आउटफिट्स में संतुलन है–नवाचार, सुरुचिपूर्ण डिज़ाइन और एक व्यक्तिगत टच जो हर फैशनप्रेमी को लुभाता है। मानुषी का सोशल मीडिया इस बात का प्रमाण है कि मिस वर्ल्ड के पास हर छोटी-बड़ी बात को बारीकी से समझने की क्षमता है, जब बात ऐसे आउटफिट चुनने की आती है जो उनके व्यक्तित्व को निखारें और उन्हें निखारें। मानुषी छिल्लर की पसंद यहां दी गई है, कुछ ऐसे आउटफिट्स, जिन्हें देखकर हमारी तो आँखें ही ठहर गईं–और जिन्हें हम बिना झिझक अपना बना लें। मानुषी और उनके पावर सूट भले ही सोशल मीडिया पर छाए हों, लेकिन उनका ब्राइट येलो केप क्रेप ब्लेज़र और पैंट सूट तो बाकी सब पर भारी है!

मानुषी ने टाफेटा से बनी सफ़ेद रंग की लंबी ड्रेस पहनी थी, जिस पर खूबसूरत काले ऑर्गेना फूल लगे थे, और हमें ऐसा ब्रंच-परफेक्ट ड्रेस से इतना प्यार पहले नहीं हुआ, जो वाकई बहुत लंबे समय से इस ड्रेस से ज़्यादा खूबसूरत नहीं देखा! मानुषी की साड़ी गेम भी जबरदस्त है, और ??मनीष मल्होत्रा की इस आइवरी साड़ी, जिसे उन्होंने नाजुक चेन क्रिस्टल एम्बेलिशमेंट वाली मैचिंग स्वीटहार्ट नेकलाइन ब्रालेट ब्लाउज़ के साथ सजाया है, इसका सबूत है! बॉलीवुड में मानुषी द्वारा चुने गए कॉकटेल गाउन शायद सबसे बेहतरीन हैं। और जब उन्होंने राहुल मिश्रा का स्ट्रैपलेस, फिगर-हगिंग नंबर चुना, जिसमें एक ड्रीमी फ्लोइंग नेट ट्रेन थी, तो उन्होंने अपने फैशनिस्टा टाइटल को फिर से परिभाषित किया! गौरी और नैनिका के इस ड्रॉप-वेस्ट प्रिंटेड गाउन के साथ पॉपी-प्रिंटेड वॉल्यूमिनस स्कर्ट ने मानुषी को ऐसा दिखाया जैसे वह अपनी ही खूबसूरती में डूबी हुई हों।

# फिल्म इंडस्ट्री में कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को नहीं मिलते समान अवसरः ईशा मालवीय



टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत के बाद से उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई है कि कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। साल 2021 में रिलीज हुए टेलीविजन शो उड़ारियां से एक्टिंग की शुरुआत करने वालीं ईशा ने कहा, एक चीज जो मुझे हमेशा हैरान करती है और अब भी करती है, वह यह है कि कितने प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। मैं यह नहीं कह रही कि भाई-भतीजावाद पूरी तरह से गलत है, लेकिन मुझे लगता है कि बाहरी लोगों को कम से कम अपनी काबिलियत साबित करने के लिए एक निष्पक्ष मौका तो मिलना चाहिए। अभिनेत्री ने जोर देकर कहा कि इंडस्ट्री को असली प्रतिभा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, उन्हें स्टार किड्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने दें और दर्शकों को फैसला करने दें कि कौन वास्तव में चमकने का हकदार है। इंडस्ट्री को किसी की पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना असली प्रतिभा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और बॉलीवुड का भविष्य योग्यता से तय होना चाहिए। उड़ारियां में जैस्मिन का किरदार निभाने के बाद ईशा ने साल 2023 में विवादित रियलिटी शो बिग बॉस के 17वें संस्करण में हिस्सा लिया था।

# आरसीबी कोच मालोलन रंगराजन ने पाटीदार की कप्तानी और स्पिन जोड़ी सुयश-क्रुणाल पर जताया भरोसा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दूसरे मुकाबले से पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के स्पिन गेंदबाजी कोच मालोलन रंगराजन ने कप्तान राजत पाटीदार के खेल कौशल और उनकी कप्तानी दक्षता पर भरोसा जताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सुयश शर्मा और क्रुणाल पांड्या की स्पिन जोड़ी के जादू पर विश्वास जताया है। राजत पाटीदार की कप्तानी पर रंगराजन ने कहा, एक बड़े फ्रेंचाइजी की कमान संभालने का जिम्मा रजत को दिया गया और उन्होंने हर मौके पर खुद को साबित किया है। चाहे दबाव कम हो या अधिक, उन्होंने बेहद शांत और स्पष्ट सोच के साथ निर्णय लिए हैं। उनके गेंदबाजों को घुमाने के तरीके ने दिखा दिया कि उनमें नेतृत्व करने की शानदार क्षमता है। हमें उम्मीद है कि टूनामेंट के बाकी हिस्से में भी वह इसी तरह शानदार प्रदर्शन जारी रखेंगे।देवदत्त पडिक्कल की भूमिका और प्रदर्शन पर रंगराजन ने कहा कि जब वह पहले आरसीबी के साथ थे, तब उन्होंने लगभग 500 रन बनाए थे। पिछले तीन साल उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहे, लेकिन इस बार नीलामी में हमने एक बाएं हाथ के बल्लेबाज की जरूरत के हिसाब से उन्हें चुना। उनके साथ पहले का काम करने का अनुभव भी हमारे लिए फायदेमंद रहा। टीम प्रबंधन ने उन्हें उनकी भूमिका को लेकर स्पष्टता दी और देवदत्त ने अपनी तकनीकी व रणनीतिक समझ पर खूब मेहनत की। उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में भी शानदार बल्लेबाजी कर टीम को मजबूत शुरूआत दी है। वहीं, टीम के स्पिन आक्रमण को लेकर कोच मालोलन ने कहा कि सुयश शर्मा और क्रुणाल पांड्या जबरदस्त विकल्प बनकर उभरे हैं। वो टीम के लिए एक एसेट हैं और उनके प्रदर्शन से टीम को लगातार फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुशल की तेज गति और दोनों किनारों से बल्ला चीरने की क्षमता उन्हें खास बनाती है। सुयश जल्दी ही एक जाना-पहचाना नाम बन जाएगा, इस पर हमें पूरा भरोसा है। वहीं, क्रुणाल पंड्या ने भी अपने एक्शन में बदलाव कर गेंद को ज्यादा घुमाने और फ्लो के साथ गेंदबाजी करने की कला विकसित की है। क्रुणाल को लेकर उन्होंने रहस्यमय अंदाज में कहा कि उनका एक खास मिशन है, जिसे सीजन के अंत में सब देखेंगे।

# स्विमिंग पूल किनारे

## मोनालिसा का हॉट अंदाज़, डार्क ब्लू बिकिनी में उड़ाए फैंस के होश



**भोजपुरी** फिल्मों की सुपरस्टार और टीवी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने ग्लैमरस लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उनकी लेटेस्ट फोटोज़ में मोनालिसा डार्क ब्लू बिकिनी में कहर बरपाती नजर आ रही हैं। फैंस उनकी अदाओं पर फिदा हैं और कमेंट सेक्शन में फायर और हार्ट इमोजी की बौछार कर रहे हैं। फोटोज़ में मोनालिसा ने फ्लोरल प्रिंटेड डार्क ब्लू बिकिनी पहन रखी है। साथ में उन्होंने पैरों पर स्टाइलिश स्कार्फ और सिर पर हैट पहनकर अपने लुक में एक्स्ट्रा चार्म जोड़ा है। कैमरे के सामने दिए गए पोज़ उनके आत्मविश्वास और स्टाइल स्टेटमेंट को बखूबी बयां कर रहे हैं। मोनालिसा की ये फोटोज़ आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। एक फैन ने लिखा, वेरी हॉट, तो दूसरे ने कमेंट किया, सुपरब लुक! फोटोज़ में वह कभी स्माइल करती नज़र आ रही हैं, तो कभी साइड पोज़ से कमर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक तस्वीर में वह स्विमिंग पूल के किनारे लेटी नज़र आ रही हैं, जिसमें उनका हुस्न और आत्मविश्वास दोनों झलक रहा है। मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिस्वास है। भोजपुरी सिनेमा की ग्लैमरस क्वीन रही मोनालिसा ने टीवी शो बिग बॉस से घर-घर में पहचान बनाई। इसके बाद नज़र जैसे शो में डायन का किरदार निभाकर उन्होंने एक नई पहचान कायम की। ग्लैमरस लुक्स से फैंस को दीवाना बनाने वाली मोनालिसा का ये बिकिनी लुक फिर साबित करता है कि वे स्टाइल और बोल्डनेस के मामले में किसी से कम नहीं हैं।



# शैली सिंह ने तोड़ा 23 साल पुराना अंजू बॉबी जॉर्ज का रिकॉर्ड, बोलीं-यह तो बस शुरूआत है

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए युवा लॉन्ग जम्पर शैली सिंह ने नेशनल फेडरेशन कप में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने शुक्रवार को 6.64 मीटर की शानदार छलांग लगाकर दिग्गज एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज का 23 साल पुराना मीट रिकॉर्ड तोड़ते हुए देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद शैली ने जो भावुक बयान दिया, उसने खेल प्रेमियों के दिल जीत लिए। रिकॉर्ड तोड़ने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए शैली सिंह ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, 'अंजू मैम का लंबे समय तक कायम रहा फेडरेशन कप रिकॉर्ड तोड़ना मेरे लिए गर्व का पल है। उनकी उपलब्धियां हमेशा मेरी प्रेरणा रही हैं और उनके नक्शेकदम पर चलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सपना रहा है। यह रिकॉर्ड 23 वर्षों तक बना रहा, जो उनकी महानता को दशार्ता है और आज इस विरासत का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है।' शैली ने कहा, 'यह तो बस शुरूआत है। मैं इस उपलब्धि से संतुष्ट नहीं हूं। मेरा सपना है कि मैं भारतीय एथलेटिक्स को और भी ऊंचाइयों तक ले जाऊं। मैं लगातार मेहनत करती रहूंगी ताकि देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रोशन कर सकूं।' वहीं, अपनी रिकॉर्डधारी शिष्या की उपलब्धि पर अंजू बॉबी जॉर्ज ने भी खुशी जताई और कहा, 'रिकॉर्ड टूटने के लिए ही होते हैं और शैली ने यह कारनामा कर दिखाया। उनकी तरक्की देखकर गर्व होता है। शैली भारतीय महिला एथलेटिक्स के उज्ज्वल भविष्य की मिसाल हैं।' शैली सिंह की यह ऐतिहासिक छलांग भारतीय एथलेटिक्स में एक नई उम्मीद की किरण लेकर आई है। उनका जुनून, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत इस बात का संकेत है कि भारतीय महिलाएं खेल जगत में वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बनाने को तैयार हैं। कुछ ही दिन पहले, उत्तर प्रदेश की इस युवा एथलीट ने 6.45 मीटर की छलांग लगाकर एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स के 6.41 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क को पार किया था। इसके बाद शुक्रवार (26 अप्रैल) को उन्होंने एनार्कुलम के महाराजा कॉलेज ग्राउंड में इतिहास रचते हुए 6.64 मीटर की लंबी छलांग लगाई और अंजू बॉबी जॉर्ज का 2002 में बनाया गया 6.59 मीटर का मीट रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## आईपीएल 2025 : बारिश की भेंट चढ़ा पंजाब किंग्स और केकेआर का मुकाबला, दोनों को मिले एक-एक अंक

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 44वां मुकाबला बारिश की वजह से बिना नतीजे के रहा। कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए इस मुकाबल में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 201 रन बनाए। वहीं, कोलकाता की पारी में सिर्फ एक ओवर का खेल हो सका, जिसमें केकेआर ने बिना कोई विकेट खोए 7 रन बनाए। इस बेनतीजा मैच के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। इस तरह पंजाब के पास 11 अंक और केकेआर के 7 अंक हो चुके हैं। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब ने शानदार शुरूआत की। दोनों सलामी बल्लेबाजी प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को तेज रनगति के साथ रन बनाने शुरू किए। दोनों के बीच 120 रन की साझेदारी हुई। 12वें ओवर में प्रियंश 35 गेंदों में 69 रन बनाकर आउट हुए।

# योगासन को 2036 ओलंपिक में शामिल करने का संकल्प, डॉ मांडविया ने की ऐतिहासिक घोषणा

एजेंसी




**नई दिल्ली ।** भारत की प्राचीन विरासत योग को वैश्विक खेल मंच पर स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने द्वितीय एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर योगासन को वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में शामिल कराने का संकल्प व्यक्त किया। दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित इस भव्य आयोजन ने भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव को खेलों के माध्यम से दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। इस चैंपियनशिप का आयोजन योगासन भारत और एशियन योगासन फेडरेशन द्वारा, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), दिल्ली सरकार और पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में बाबा रामदेव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव, संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, और अन्य प्रमुख गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में डॉ मांडविया ने कहा, 'योगासन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता हमें आश्वस्त करती है कि शीघ्र ही इसे ओलंपिक में एक मान्यता प्राप्त खेल के रूप में देखा जाएगा।' उन्होंने इस पहल को भारतीय युवाओं के लिए एक नई दिशा बताते हुए योगासन को संयम, अनुशासन और मानसिक संतुलन का प्रतीक बताया।

बाबा रामदेव ने अपने उद्बोधन में कहा, 'योगासन आज की युवा पीढ़ी को चकाचौंध और ग्लैमर से दूर रखते हुए एक विवेकपूर्ण और संतुलित जीवन शैली का मार्ग दिखाता है।'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए एक संदेश भेजा, जिसमें उन्होंने इसे भारत की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व मंच पर पुनः स्थापित करने का एक स्वर्णिम अवसर बताया। उन्होंने कहा, 'यह आयोजन हमारी साझा मानवता के लिए भारत के योगदान का प्रतीक है।' चैंपियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों से आए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने न केवल अपने अद्भुत योग कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी आपसी सद्भावना का संदेश दिया। आयोजन ने योगासन को एक खेल से आगे बढ़ाकर एक वैश्विक सांस्कृतिक आंदोलन का रूप दे दिया।

इस ऐतिहासिक पहल के साथ, 2026 एशियन गेम्स में योगासन के डेमो खेल के रूप में शामिल होने की तैयारी भी जोर पकड़ चुकी है, जो योग को वैश्विक खेल मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# नेपाल इस कठिन समय में खड़ा है भारत के लोगों के साथ : डा. राणा

## काठमांडू के भारतीय दूतावास में हुआ हमले में मृत लोगों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

एजेंसी

**काठमांडू ।** भारत के कश्मीर स्थित पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए नेपाल के भारतीय दूतावास में सभा का आयोजन किया गया। इसमें नेपाल के उप प्रधानमंत्री विष्णु पौडेल, विदेश मंत्री डा. आरजू राणा देउवा सहित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा की।

विदेश मंत्री डा. राणा ने कहा कि नेपाल आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा करता है। नेपाल किसी भी आतंकवादी गतिविधि के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है। नेपाल इस कठिन समय में भारत सरकार और लोगों के साथ खड़ा है। आतंकवाद से निपटने के दौरान कोई दोहरा मानक नहीं होना चाहिए। किसी भी आतंकवादी समूह द्वारा किसी भी देश या उसके लोगों के खिलाफ किसी भी उद्देश्य के लिए अपने क्षेत्र का उपयोग नहीं करने दिया जाएगा।

श्रद्धांजलि सभा में नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोइराला, प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल, माओवादी के राष्ट्रीय सचिव छविलाल विश्वकर्मा, पूर्व विदेश मंत्री एनपी साउद, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष महंथ ठाकुर, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के शिशिर खनाल आदि मौजूद रहे।

इनके अलावा नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने आतंकवादी हमले की निंदा की है। साथ ही सभी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत सरकार के पक्ष में दृढ़ता से खड़े रहने का संदेश दिया है।






# झेलम का अचानक बढ़ा जल स्तर, पाकिस्तान में आई बाढ़

**इस्लामाबाद।** झेलम नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। नदी किनारे रहने वाले लोगों ने पूरी रात जागकर काटी है। इससे घबराए पाकिस्तान प्रशासन ने हट्टियन बाला क्षेत्र में वाटर इमरजेंसी की घोषणा तक कर दी है। साथ ही लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है। मस्जिदों से भी लगातार लोगों को सचेत किया जा रहा है। उधर पाकिस्तान ने भारत पर जानबूझ कर नदी में अधिक पानी छोड़े जाने का आरोप लगाया है। हालांकि भारत की ओर से अभी इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई है। मुजफ्फराबाद के डिप्टी कमिश्नर फारुक के मुताबिक अचानक शनिवार की शाम को झेलम नदी का जल स्तर बढ़ने लगा। इसके चलते कई इलाकों में बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक हर सकेंड 22 हजार घन फीट पानी बह रहा है, जिससे गारी दुपट्टा, मझोई व मुजफ्फराबाद आदि इलाकों में बाढ़ के हालात पैदा गए हैं। फारुक ने आरोप लगाया कि भारत ने जानबूझकर झेलम नदी में एकाएक जल को छोड़ा है। पूर्व में जब भी नदी में जल स्तर छोड़ा जाता था तो भारत की ओर से सूचना दी जाती थी।लेकिन इस बार कोई भी जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने लोगों से नदी के पास वाले इलाकों में जाने से बचने को कहा है।

## ढ़ाई लाख रुपए की स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**राजगढ़ ।** शहर ब्यावरा थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार अलसुबह अस्पताल रोड स्थित अहिंसाद्वार के समीप से तीन व्यक्तियों को पकड़ा और उनके कब्जे से 25.34 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया, जिसकी कीमत ढ़ाई लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने रविवार को आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू की। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर अस्पताल रोड स्थित अहिंसाद्वार के समीप से घेराबंदी कर वासुदेव पुत्र विष्णुप्रसाद शास्त्री निवासी रविशंकर कॉलोनी ब्यावरा, नारायण सिंह पुत्र रघुनाथ तंवर निवासी अकलेरा, रामलाल तंवर निवासी घाटोली राजस्थान को पकड़ा और उनके कब्जे से 25.34 ग्राम स्मैक जब्त की, जिसकी कीमत दो लाख 50 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धारा 8/21, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू की।

# आज ग्वालियर-जबलपुर समेत 27 जिलों में बारिश के आसार

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में इस वक्त मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। एक तरह जहां भीषण गर्मी पड़ रही है तो वहीं दूसरी तरफ बारिश का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को प्रदेश के कई जिलों में लू का असर देखा गया। वहीं, कुछ जिलों में तेज आंधी और हल्की बारिश हुई। आज रविवार को भी ग्वालियर, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग के जिलों सहित 27 जिलों में बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि तेज गर्मी के बीच मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग में अगले 4 दिन बारिश होगी। कुछ जिलों में ओले भी गिरेंगे। वहीं, ग्वालियर-चंबल संभाग में मिला-जुला असर देखने को मिलेगा। यहां बारिश भी होगी और तेज गर्मी भी पड़ेगी। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। इंदौर, भोपाल-उज्जैन में तापमान 40 डिग्री के पार ही रहेगा। मौसम विभाग ने अगले चार दिन तक प्रदेश में हल्की बारिश और गरज-चमक का अनुमान जताया है। कुछ जगहों पर लू भी चल सकती है। वहीं, गर्मी का असर भी देखने को मिलेगा।

इससे पहले शनिवार को भी प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिले। रात में भोपाल, हरदा, देवास, सीहोर, रायसेन और नर्मदापुरम में हल्की बारिश हुई, जबकि कई जिलों में तेज आंधी भी चली। राजधानी भोपाल, सीहोर और हरदा-पचमढ़ी में तेज रफ्तार से हवाएं चलीं। जबकि नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, दमोह, सागर, कटनी, पन्ना, मैहर, उमरिया, सीधी, शहडोल और रीवा जिलों में हल्की बारिश का दौर रहा। कई शहरों में गर्मी के तेवर भी देखने को मिले। ग्वालियर, खजुराहो और नौगांव में पारा 43 डिग्री के पार रहा। खजुराहो सबसे गर्म रहा, यहां तापमान 43.8 डिग्री रहा। ग्वालियर में 43.6 डिग्री और नौगांव में 43 डिग्री दर्ज किया गया।

भोपाल, उज्जैन, गुना, शिवपुरी, खरगोन, रतलाम, टीकमगढ़, खंडवा, नरसिंहपुर, बैतूल, शाजापुर, मंडला, रीवा, धार, मलाजखंड, रायसेन, सतना और दमोह में तापमान 42.4 डिग्री से 40 डिग्री के बीच रहा। वहीं, बारिश की वजह से कई शहरों में पारा लुढ़क गया। इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 33.4 डिग्री दर्ज किया गया। उमरिया में 37.1 डिग्री, जबलपुर-सीधी में 37.8 डिग्री, नर्मदापुरम-सिवनी में 38.2 डिग्री, इंदौर-सागर में 39.7 डिग्री सेल्सियस रहा।





# भीलवाड़ा में गत्ता फैक्ट्री में भीषण आग, लाखों का माल खाक



एजेंसी

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले के पालड़ी गांव स्थित एक गत्ता फैक्ट्री में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री में रखा बड़ी मात्रा में माल जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। बावजूद इसके, तेज हवा के कारण आग फैलती चली गई। ग्रामीण भी फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। यह हादसा सदर थाना क्षेत्र में अरविंद अजमेर की गत्ता फैक्ट्री में हुआ। फैक्ट्री से धुआं और आग की ऊंची लपटें उठती देख ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सदर थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद है। आग के चलते आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। फिलहाल दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटे हुए हैं।

# शहडोल में मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

## लूप लाइन में हुई घटना, ट्रेन सेवाएं प्रभावित नहीं



एजेंसी

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में शनिवार देर रात एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। घटना लूप लाइन में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी और आरपीएफ मौके पर पहुंची और फिर गार्ड डिब्बे को पटरी के ऊपर चढ़ाने में जुट गए। जानकारी के अनुसार घटना सिंहपुर रेलवे स्टेशन की लूप लाइन में हुई। कटनी से बिलासपुर की ओर जा रही कॉपर लोड से भरी मालगाड़ी का गार्ड वैन डिब्बा पटरी से उतर गया। देर रात तक गार्ड ब्रेक वैन डिब्बे को पटरी में लाने का काम चला। हालांकि इस घटना से मुख्य रेल मार्ग प्रभावित नहीं हुआ। अप और डाउन दोनों मेन लाइन पूरी तरह चालू रहीं। रेलवे के आवागमन में कोई बाधा नहीं आई। सभी मालगाड़ियां और यात्री ट्रेनें सामान्य रूप से संचालित होती रहीं। रेल यातायात में किसी तरह का व्यवधान नहीं आया।

# महिला नेता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के लिए पूर्व सांसद वंशगोपाल को पार्टी से निष्कासित करेगी माकपा

एजेंसी

**कोलकाता।** पार्टी की महिला नेता के साथ अश्लील चैट करने के आरोपित आसनसोल के पूर्व माकपा सांसद वंशगोपाल चौधरी के खिलाफ माकपा नेतृत्व सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। माकपा ने पूर्व सांसद और वामपंथी मंत्री वंशगोपाल को निष्कासित करने का निर्णय लिया है। पार्टी की ओर से शनिवार रात यह जानकारी सार्वजनिक की गई।

मुर्शिदाबाद की पीड़िता माकपा महिला नेता ने बीते फरवरी महीने में ही माकपा के राज्य सम्मेलन के दौरान वंशगोपाल के खिलाफ फेसबुक पर एक पोस्ट किया था। तब से इस मामले को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा काफी जोरों पर है। इस बीच पूर्व माकपा सांसद द्वारा भेजे गए मैसेंजर और व्हाट्सएप पर अश्लील संदेश को महिला नेता ने सार्वजनिक की। पिछले रविवार को डानकुनी में ब्रिगेड मीटिंग के बाद उस चैट के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।(हालांकि हिन्दुस्थान समाचार ने उन संदेशों की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की है) महिला पार्टी कार्यकर्ता भी सोशल मीडिया पर वंशगोपाल के खिलाफ मुखर हो गये हैं।



अपर्णा कुमार नामक महिला ने शिकायतकर्ता महिला नेता की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए पूर्व सांसद को चरित्रहीन बताया। अपर्णा ने सवाल उठाया कि पार्टी के उस बुद्धिमान और प्रभावशाली नेता के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जाएगी? इसके अलावा कई महिला माकपा कार्यकताओं ने सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर किया। इस घटना से आहत माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने बताया कि मामले की जांच पार्टी की आंतरिक जांच समिति द्वारा की जा रही है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, वंशगोपाल का दावा है कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। इस साजिश के पीछे पार्टी के अंदर या बाहर कोई हो सकता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पार्टी के भीतर एक षड्यंत्र रची जा रही है।

शिकायतकर्ता माकपा की महिला नेता जो जियागंज-अजीमगंज नगर पालिका की पूर्व पार्षद हैं, ने कहा कि वह पार्टी के लिए किए गए सभी कार्यों को फेसबुक पर पोस्ट करती हैं। वह सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं और उनका सोशल मीडिया अकाउंट मोनेटाइजेशन सत्यापित है। वहां, वंशगोपाल चौधरी टिप्पणी करते और प्रोत्साहित करते थे। महिला नेता ने आरोप लगाया कि एक दिन आधी रात को वंशगोपाल अश्लील संदेश भेजने लगे। पिछले साल नवंबर में उन्होंने पार्टी के जिला माकपा सचिव से इस बारे में शिकायत की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पिछले फरवरी में राज्य सम्मेलन के दौरान वंशगोपाल चौधरी की तस्वीर माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम और अन्य नेताओं के साथ देखी गई थी। इसके बाद गुस्से में आकर महिला नेता ने वंशगोपाल की उपलब्धियों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी।

अपने पोस्ट में उन्होंने सवाल किया कि यह चरित्रहीन और लम्पट व्यक्ति माकपा पार्टी के राज्य सम्मेलन का प्रतिनिधि कैसे बन गया? इस बीच, वंशगोपाल के 'अश्लील' संदेश का स्क्रीनशॉट तेजी से वायरल हो गया। गर्म राजनीतिक माहौल को देखते हुए माकपा ने आरोपित मंत्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

# एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले का मामला अपने हाथ में लिया

एजेंसी

**जम्मू।** गृह मंत्रालय के आदेश पर एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले का मामला अपने हाथ में लिया है। घटनास्थल पर टीमें साक्ष्य एकत्र कर रही हैं और प्रवेश-निकास बिंदुओं की जांच कर रही हैं।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकी हमले के मामले को औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें मंगलवार को 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्दयतापूर्वक गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद की गई है। बुधवार से ही आतंकी हमले वाली जगह पर डेरा डाले हुए एनआईए की टीमों ने सबूतों की तलाश तेज कर दी है।




आतंकवाद विरोधी एजेंसी के एक आईजी, एक डीआईजी और एक एसपी की देखरेख में टीमें उन चश्मदीदों से पूछताछ कर रही हैं, जिन्होंने बैसरन घाटी में अपनी आंखों के सामने भयानक हमले को घटते देखा था। कश्मीर में हुए सबसे भयानक आतंकी हमलों में से एक को अंजाम देने वाले घटनाक्रम को एक साथ जोड़ने के लिए चश्मदीदों से बारीकी से पूछताछ की जा रही है। एनआईए की टीमें आतंकवादियों की कार्य प्रणाली के सुराग के लिए प्रवेश और निकास बिंदुओं की बारीकी से जांच कर रही हैं। फोरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की मदद से टीमें पूरे इलाके की गहन जांच कर रही हैं ताकि आतंकी साजिश का पदार्फाश करने के लिए सबूत जुटाए जा सकें, जिसके कारण देश को झकझोर देने वाले इस भयानक हमले को अंजाम दिया गया।

## अब पाकिस्तान के गृह मंत्री नकवी ने दी भारत को गीदड़ भभकी

**इस्लामाबाद।** पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा उठाए गए कड़े कदमों से पाकिस्तान बौखला गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व बिलावल भुट्टो के बाद अब वहां के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भारत को गीदड़ भभकी दी है। कहा कि यदि भारत ने पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की तो 240 मिलियन पाकिस्तानी आखिरी सांस तक लड़ने के तैयार बैठे हैं। पाकिस्तानी अखबार डान के मुताबिक गृह मंत्री नकवी यहीं नहीं रुके। उन्होंने यहां तक आरोप लगा दिए कि भारत पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियों में शामिल है। भारत की धमकियों से पाकिस्तान की सरकार डरने वाली नहीं हैं। गौरतलब है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सिंधु जल समझौते को रद्द करने समेत कई बड़े कदम उठाए हैं। इसके चलते पाकिस्तान के नेता आपा खो बैठे हैं।

# मछली मारने गए युवक का 36 घंटे बाद मिला शव

एजेंसी

**मीरजापुर।** चील्ह थाना क्षेत्र के कमासिन गांव निवासी पप्पू साहनी (35) का शव शुक्रवार को गंगा में मछली मारने के दौरान लापता होने के करीब 36 घंटे बाद शनिवार देर शाम शहर कोतवाली क्षेत्र के घोड़े शहीद गंगा घाट पर मिला। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। परिजन का आरोप है कि पप्पू साहनी की हत्या कर शव को गंगा में फेंक दिया गया। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को पप्पू का गांव के ही पड़ोसियों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों ने चील्ह थाने में मारपीट की तहरीर भी दी थी। शनिवार को शव मिलने के बाद जब परिजनों ने पप्पू के शव का निरीक्षण किया तो उसके सिर पर चोट के निशान मिले। पप्पू के जीजा बाबूलाल साहनी ने आरोप लगाया कि विवाद के चलते विपक्षियों ने पप्पू की हत्या कर शव को गंगा में फेंक दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पुलिस का 5 घंटे चला धरपकड़ अभियान, 87 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** जनपद पुलिस ने शनिवार की रात्रि में पांच घंटे अभियान चलाकर 87 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त है जो फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों, एनबीडब्लू व एसआर केसो में वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध शनिवार की रात्रि को 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 79 एनबीडब्लू वारंटी, 6 एस आर केस में वाँछित व 2 अन्य वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जिनमे थाना उत्तर ने 2, थाना दक्षिण ने 8, थाना रसूलपुर ने 6, थाना रामगढ़ ने 2, थाना टूंडला ने 5, थाना पचोखरा ने 3, थाना नारखी ने 6, थाना रजाबली ने 1, थाना नगला सिंघी ने 2, थाना सिरसागंज ने 9, थाना नगला खंगर ने 2, थाना नसीरपुर ने 2, थाना शिकोहाबाद ने 10, थाना मक्खनपुर ने 2, थाना खैरगढ़ ने 3, थाना जसराना ने 5, थाना एका ने 2, थाना फरिहा ने 5, थाना लाइनपार ने 5, थाना मटसेना ने 4 व थाना बसई मोहम्मदपुर ने 3 अभियुक्त को पकड़ा है। इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 87 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पांच हत्यारोपी गिरफ्तार, मुठभेड़ में एक को गोली लगी

**फिरोजाबाद।** टूंडला थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पांच हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। एक हत्यारोपी मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुरानी रंजिश को लेकर हत्यारोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि 26 अप्रैल को पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू कुशवाह (55) की चाकू से गोदकर व गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक के पुत्र प्रिन्स कुशवाह ने थाना टूण्डला पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। इनमें पांच नामजद एवं दो अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध था। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के पुलिस की चार टीमों का गठन किया था। उन्होंने बताया कि थाना टूंडला प्रभारी अंजीश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि वांछित अभियुक्तगण बैम्बू वाटर पार्क के सामने खण्डहर में स्ह ।छिपे हुए हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चार अभियुक्त रितिक को एक चाकू, मुकुल को एक तमंचा 315 बोर व एक खोखा कारतूस, सचिन को एक चाकू आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया। सूचना मिली कि एक अभियुक्त अंकित कहीं भागने कि फिराक में छितरई रोड से मौहम्मदाबाद चकरोड की तरफ आ रहा है। पुलिस ने जब संदिग्ध की घेराबंदी की तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। घायल अभियुक्त की पहचान अभियुक्त अंकित रूप में हुई है। एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### नवीनीकरण के चलते रात में बंद रहेगा मां फ्लाईओवर

**कोलकाता ।** रखरखाव कार्यों के लिए महानगर कोलकाता स्थित मां फ्लाईओवर रात के समय बंद रहेगा। इस पर यातायात रात को साढ़े सात घंटे तक बंद रहेगा। परिणामस्वरूप, इस मार्ग से जाने वाले यात्रियों को ईएम बाईपास से पश्चिम की ओर जाने वाले वाहन वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना पड़ेगा। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा के अनुसार, फ्लाईओवर रखरखाव के लिए बंद रहेगा। इस पर पार्क सर्कस की ओर जाने वाली सड़क 28 अप्रैल से 27 मई तक रात 11 बजे से सुबह छह बजे तक बंद रहेगी। परिणामस्वरूप, ईएम बाईपास से शहर में पश्चिम की ओर जाने वाले सभी वाहन फ्लाईओवर का उपयोग नहीं कर पाएंगे। इसके बजाय यात्रियों को पर्मा द्वीप, पीसी कनेक्टर, ब्रिज नंबर 4, न्यू पार्क स्ट्रीट, सैयद आमिर अली एवेन्यू से होकर एजेसी बोस से होकर गुजरना पड़ेगा। यह प्रतिबंध अगले एक महीने तक लागू रहेगा। गौरतलब है कि मां फ्लाईओवर कोलकाता का एक बहुत ही महत्वपूर्ण फ्लाईओवर है। इस पर बाइकर्स की तेज गति की लत के कारण आए दिन एक के बाद एक दुर्घटनाएं हो रही हैं। कोलकाता पुलिस के यातायात विभाग ने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके अलावा फ्लाईओवर का रखरखाव भी जरूरी है। इसलिए फ्लाईओवर को रात में अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है।

### पहलगाम आतंकी हमले के चलते अनाथ हुए अनाथ बच्चों को शिक्षित करने की जिम्मेदारी लेगी भवानीपुर गुजराती एजुकेशन सोसाइटी

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता के भवानीपुर गुजराती एजुकेशन सोसाइटी ने पहलगाम आतंकी हमले में अनाथ हुए बच्चों को शिक्षित करने की जिम्मेदारी लेने का बीड़ा उठाया है। वर्तमान समय में देश में आतंकवादी हमले के बाद व्याप्त भय को खत्म करने के लिए ताकत जुटाने की आवश्यकता है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, भवानीपुर गुजराती शिक्षा सोसाइटी ने ये पहल किया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह संगठन बंगाल में अपने परिजनों को खो चुके तीन परिवारों के बच्चों को 10 लाख रुपये की सहायता प्रदान करेगा। संगठन ने इस बारे में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है। पहलगाम में हुए भीषण हमले ने कई बच्चों का भविष्य अंधेरे में आ गया है। भवानीपुर गुजराती एजुकेशन सोसाइटी की यह पहल यह सुनिश्चित करने के लिए किया है ताकि उनकी शिक्षा किसी भी तरह से बाधित न हो और भविष्य उज्जवल हो। भवानीपुर गुजराती एजुकेशन सोसाइटी को इस पहल के लिए सभी से प्रशंसा मिल रही है।

### यूक्रेन ने बम से उड़ाया रूसी जनरल, एक गिरफ्तार

**मास्को।** रूसी जनरल को बम विस्फोट में उड़ाने के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पता चला है कि यूक्रेन के एक खुफिया अधिकारी ने ही रूसी जनरल को कार में विस्फोट करके उड़ा दिया था। यह विस्फोट रिमोट कंट्रोल के जरिए किया गया था। इस मामले में रूस की जांच एजेंसियों ने यूक्रेन की खुफिया एजेंसी के अधिकारी इग्नात कुजिन को गिरफ्तार कर लिया है। पुतिन के करीबी मेजर जनरल यारोस्लाव मोस्कालिक शनिवार को अपनी कार में बैठने जा रहे थे। तभी कार में भारी विस्फोट हो गया, जिसमें मेजर जनरल की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह घटना रूस के बाल सिखा इलाके में हुई। रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस के मुताबिक यह हमला यूक्रेन से ही रिमोट कंट्रोल के जरिए किया गया। इस वारदात में यूक्रेन की खुफिया एजेंसी के अधिकारी इग्नात कुजिन का हाथ पाया गया। उसे शनिवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की तफ्तीश जारी है।

## सांसद ने शुरू की मोबाइल स्वास्थ्य सेवा पत्थलगड़ा में सैकड़ों लोगों ने कराया इलाज



**संवाददाता**

**चतरा:** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ और सशक्त बनाने के उद्देश्य से चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने विगत दिनों 17 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय परिसर से दो मोबाइल चिकित्सा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य दूर-दराज के गांवों में रहने वाले लोगों को उनके घर के समीप ही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और प्राथमिक उपचार की सुविधा प्रदान करना है।इसी क्रम में शनिवार को मोबाइल चिकित्सा वाहन पत्थलगड़ा मुख्यालय स्थित सुभाष चौक पहुँचा, जहाँ सैकड़ों ग्रामीणों ने विभिन्न रोगों की जांच करवाई और उपचार प्राप्त किया। मौके पर मौजूद चिकित्सकीय दल ने मरीजों को उचित परामर्श प्रदान किया और निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष आशीष दांगी एवं जिला धर्म प्रचार-प्रसार प्रमुख मुकेश दांगी ने सांसद कालीचरण सिंह के इस जनकल्याणकारी प्रयास की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई उम्मीद लेकर आई है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब उन्हें छोटे-बड़े रोगों के इलाज के लिए दूरस्थ शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा तथा समय पर उचित उपचार सुलभ हो सकेगा।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

# पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक से करने का निर्देश




**संवाददाता**

**गुमला:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता योजनाओं का निरंतर देख-रेख करना सुनिश्चित करें एवं किसी भी जलमीनार के खराब होने की सूचना प्राप्त होने पर यथाशीघ्र उसे ठीक करना सुनिश्चित करेंगें। जिससे कि गर्मी के मौसम में आम ग्रामीणों को पेयजल हेतु कठिनाई का सामना नहीं करना पडे.।

बैठक के दौरान उन्होंने सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को सख्ती से निर्देश दिया कि अपने दायित्व का निर्वहन सही तरीके से करें। सिर्फ कागजी कार्रवाई नहीं करें। साथ ही साथ उन्हें निर्देश दिया गया कि दो दिनों के अंदर खराब पड़े जलमीनार एवं हैंडपंप की सूची तैयार कर रिपोर्ट कार्यालय में जमा करें। उन्होंने कहा कि ससमय रिपोर्ट नहीं देने पर उनके विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को निर्देश दिया कि कल रविवार के दिन अपने अपने क्षेत्र में विजिट करें और वहां जलमीनार,हैंडपंप एवं बोरवेल की स्थिति की जांच करें। गांव/ पंचायत में कहीं भी पेयजल समस्या होने पर मुखिया एवं जलसहिया से समन्वय स्थापित कर त्वरित काम करें। गर्मी का मौसम ध्यान में रखते हुए अपने काम में गति लाएं। जिससे की ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना ना पड़ें। उपायुक्त द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत पूर्ण किय गये योजनओं के संबंध में प्रखण्डवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जारी टॉल फ्री नंबर पर आ रहे शिकायतों पर रिस्पॉन्स देने की बात कही। उन्होंने कहा गर्मी का मौसम है, आमजन अपनी समस्या हेतु टॉल फ्री नंबर पर कॉल करते हैं तो उसका समाधान भी ससमय किया जाए। टॉल फ्री नंबर पर ससमय रिस्पॉन्स नहीं करने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं संबंधित पदाधिकारी एवं कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

## महिला महाविद्यालय में एक देश एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी आयोजित



**संवाददाता**

**गुमला :** जिला मुख्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा स्थानीय महिला महाविद्यालय गुमला परिसर में एक देश एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गयी । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संदीप प्रसाद ने की। कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष ने विषय प्रवेश कराते हुए , कहा कि आज पूरे देश की मांग है की भारत देश मे एक देश एक चुनाव कानून लागू हो । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव ने कहा एक देश एक चुनाव के कानून लागू हो जाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और अनावश्यक होने वाले परेशानियों से आम जनों को भी निजात मिलेगी । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अधिवक्ता रविंद्र सिंह ने कहा एक देश एक चुनाव यह पहली बार मांग नहीं किया जा रहा है आजादी के बाद सन 1962 से यह मांग होता चला आया था लेकिन विभिन्न कारणों से यह उक्त कानून फिलहाल लागू नहीं है , जिसे पुनः लागू कर देश हित में एक मजबूत कदम उठाने की आवश्यकता है । बैठक को युवा मोर्चा के जिला महामंत्री राजेश सिंह , युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह और भाजपा जिला महामंत्री यशवंत सिंह ने भी संबोधित किया , सभी वक्ताओं के संबोधन के बाद सभागार में उपस्थित सभी छात्राएं और उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि यह कानून देश में लागू होना चाहिए ! मौके पर विकास कुमार सिंह ,पायल तिवारी,सावित्री मेहता, रेखा गुप्ता ,मीना, देवी कुलदीप साहू, जय साहू ,कौशलेंद्र जमुवार ,प्राचार्य नीलम जायसवाल ,हरी शंकर त्रिपाठी ,ममता जी ,सुषमा जी ,शंभू नायक सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## चक्रधरपुर अनुमंडल के भूमि उपसमाहर्ता केके मुंडू ने अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यों से विभाग को दी है गति

विनय मिश्रा



**चक्रधरपुर** अनुमंडल के एलआर डीसी कुशलमय केनेथ मूंडू ने चालीसवें भूमि उप समाहर्ता के रूप में 20 अक्टूबर 2023 को अपना पदभार ग्रहण किया। श्री मुंडू के योगदान देने के पश्चात से अनुमंडल के सभी सात प्रखंडों में भूमि निष्पादन एवं अंचल से संबंधित कार्यों का निष्पादन काफी तेजी के साथ संपन्न हुआ है और इसी का यह परिणाम है कि डेढ़ वर्ष अर्थात 18 महीने में ही लंबित मामलों का निष्पादन एवं विभाग से संबंधित कार्यों का दूर्त गति से संपादित हुआ है जो श्री मुंडू के बेहतर कार्य का परिणाम है ऐसे अधिकारी से विभाग के साथ साथ जिला और अनुमंडल भी गौरवान्वित होता है। ऐसे अधिकारी पर विभाग को भी गर्व है।

चक्रधरपुर अनुमंडल के एलआर डीसी कुशलमय केनेथ मूंडू ने चालीसवें भूमि उप समाहर्ता के रूप में 20 अक्टूबर 2023 को अपना पदभार ग्रहण किया। श्री मुंडू के योगदान देने के पश्चात से अनुमंडल के सभी सात प्रखंडों में भूमि निष्पादन एवं अंचल से संबंधित कार्यों का निष्पादन काफी तेजी के साथ संपन्न हुआ है और इसी का यह परिणाम है कि डेढ़ वर्ष अर्थात 18 महीने में ही लंबित मामलों का निष्पादन एवं विभाग से संबंधित कार्यों का दूर्त गति से संपादित हुआ है जो श्री मुंडू के बेहतर कार्य का परिणाम है ऐसे अधिकारी से विभाग के साथ साथ जिला और अनुमंडल भी गौरवान्वित होता है। ऐसे अधिकारी पर विभाग को भी गर्व है।

## मेन रोड स्थित रंगोली फैशन दुकान का छज्जा गिरा, बाल- बाल बचे लोग

### पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध में घटना वाले दिन गुमला बंद था, नहीं तो घटना जानलेवा साबित होती

**संवाददाता**

**गुमला :** मेन रोड स्थित स्थित रंगोली फैशन दुकान का एकाएक छज्जा गिर गया। इस घटना में लोग बाल- बाल बच गये परन्तु एक स्कूटी के परखच्चे उड़ गए । किसी की जान हानि नहीं हुई, क्योंकि कल शुक्रवार को , पहलगाम में निर्दोष हिन्दुओं की निर्मम हत्या के विरोध में गुमला बंद था , नहीं तो उक्त छज्जा के गिरने से घटनास्थल पर बड़ा हादसा हो सकता था। ज्ञात हो कि मेन रोड क्षेत्र में इस घटना से पूर्व भी कई दुकान व घरों का छज्जा पहले भी गिर चुका हैं । जिसमें एक व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी पर छज्जा गिरा था और वह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। बताया जाता है उस व्यक्ति की बाद में मृत्यु हो गई थी । गुमला नगर परिषद् की लापरवाही और कार्य



शिथिलता के कारण गुमला जिला मुख्यालय की आम नागरिकों की जान आफत में है , कब कहां किस स्थान पर और किस दुकान के सामने घर और दुकान का छज्जा किस आम नागरिक पर गिर जायेगा इसकी कोई गारंटी नहीं है । गुमला जिला मुख्यालय के नागरिकों का आरोप है कि गुमला नगर परिषद मात्र और मात्र घरों और - बिल्डिंगों और पेयजल का टैक्स लेने में तो काफी आगे रहतीं हैं,पर अपनी जवाब देही और आम जनताओं की समस्यायों के बारे में , हमेशा अपनी जवाब दे ही से पीछे भागती रहती हैं, साथ ही साथ गुमला में घर सह आवास - बिल्डिंग दशकों से जीर्णशीर्ण और काफी पुरानी, कमजोर, अवस्था में - पुरानी और बड़ी बड़ी - बहुमंजिली इमारतों का हालत काफी खस्ता हो चुकी है । फलस्वरूप वह समय समय पर गिरते और टुटते रहते हैं , अतः गुमला नगर परिषद को चाहिए की वैसे खस्ता हालत मकान सह दुकानो और बहु मंजिली बिल्डिंग को चिन्हित कर उनसे संबंधित लोगों को , एक समय सीमा के अंदर नोटिस देकर , तुड़वाने या तोड़ने का कार्य प्रारंभ कर देना चाहिए , ताकि गुमला की आम जनताओं की जिंदगी सुरक्षित किया जा सके, आए दिन पुराने मकान के गिरने से समाचार प्राप्त होते रहते हैं और पुराने मकानों और पेड़ों के टूटकर गिरने से घने आबादी वाले क्षेत्रों में उक्त घर - बिल्डिंग और पुराने विशाल पेड़ों के गिरने से और उसके मालवे में दब कर कई लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है अतः गुमला जिला प्रशासन और नगर परिषद गुमला से आम नागरिकों की मांग हैं उस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए , संबंधित व्यक्तियों पर अविलम्ब सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई किया जायें, ताकि आम जनता निर्भीक और सुरक्षित रहकर अपना निजी कार्य संपन्न कर सुरक्षित अपना घर पहुंच सकें ।

## इंदुमति टिबड़ेवाल में बाल,किशोर और कन्या भारती का गठन



**चतरा:** दीभा,चतरा स्थित स्थानीय इंदुमति टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय के विशाल सभागार में शनिवार को बच्चों में बौद्धिक, नेतृत्व और क्रियात्मक विकास के लिए बाल, किशोर व कन्या भारती का गठन किया गया। गठन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। साथ ही विद्यालय में संचालित होने वाले कार्यक्रम को सफल संचालन व विद्यालय प्रबंधन जिम्मेदारियों के साथ निर्वहन करना। गठन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव और सेनापति सहित अन्य विभाग के पद पर भैया बहनो का चयन किया गया। बाद में सभी निर्वाचित सदस्यों को विद्यालय के विशाल सभागार में विद्यालय प्रभारी अयोध्या प्रसाद सिंह व हिन्दी के वरीय आचार्य चंद्रमोहन मिश्रा के नेतृत्व में शपथ दिलाया गया।वही कक्षा षष्ठ के छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक गोष्ठी भी रखी गई ।इस गोष्ठी में प्राचार्य रमेश कुमार सिंह,प्रभारी अयोध्या प्रसाद सिंह व कक्षा षष्ठ के चारों सेक्शन के कक्षाचार्य मंटू कुमार,चंद्रमोहन मिश्रा,सुब्रतो आचार्य व रविन्द्र पाठक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। इस गोष्ठी में अभिभावकों ने भी अपने अपने मंतव्य दिए। सभी अभिभावक विद्यालय के व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए। प्राचार्य रमेश कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों के पूर्ण विकास के लिए आचार्यों के साथ साथ अभिभावक को भी कोशिश करना होगा ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास हो सके। गोष्ठी का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

# ट्रैक्टर रैली निकालकर की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

### हिंदुओं का नरसंहार का बदला मांगे हिंदुस्तान के नारों से गूंजा पूरा क्षेत्र

**संवाददाता**

**चतरा:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं की पहचान कर उनकी निर्मम हत्या के विरोध में पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तेतरिया स्थित सरस्वती संगम क्लब के तत्वावधान में शनिवार को एक विशाल ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से न केवल इस वीभत्स आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई, बल्कि आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ गहरा आक्रोश भी व्यक्त किया गया।रैली का शुभारंभ ग्राम तेतरिया से हुआ, जो नोनगांव होते हुए लेंबोइया, सिंघानी चौक, गुंजरी गेट, गांधी चौक, सुभाष चौक, बरवाडीह, बेलहर, चौथा होते हुए नावाडीह डमौल तक पहुंची। इसके उपरांत रैली पुनः उसी मार्ग से लौटकर तेतरिया में सम्पन्न हुई।पूरे रास्ते भर रैली में शामिल लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् और ₹पाकिस्तान मुदार्बाद के नारों से माहौल को जोशपूर्ण बनाए रखा। हर चौक-चौराहे पर ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर देशभक्ति का जज्बा प्रदर्शित किया।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पहलगाम की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। निर्दोष हिंदुओं की केवल धर्म पूछकर की गई हत्या मानवता पर धब्बा है, जिसका बदला लिया जाना अनिवार्य है। रैली के दौरान कई स्थानों पर दो मिनट का मौन धारण



कर शहीदों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

रैली का नेतृत्व पत्थलगड़ा मंडल भाजपा अध्यक्ष सतीश कुमार, भाजपा जिला मंत्री वासुदेव डांगी तथा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रतिनिधि व समाजसेवी दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि सरकार को आतंकवाद के खिलाफ कठोर से कठोर कदम उठाना चाहिए और पाकिस्तान को उसकी नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। विरोध प्रदर्शन में क्षेत्र के सैकड़ों पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। महिलाओं ने भी खुलकर पाकिस्तान और आतंकवाद के विरुद्ध आवाज बुलंद की और सरकार से आतंकियों के सफाए की मांग की। इस अवसर पर अवध कुमार, पंकेश कुमार, पिंटू कुमार, गौतम कुमार, सोनल चंद्रवंशी, रिशु सिन्हा समेत सरस्वती संगम क्लब के अनेक सक्रिय सदस्य उपस्थित थें। सभी ने एक स्वर में शहीदों के सम्मान में और आतंकवाद के खिलाफ संगठित होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

सरस्वती संगम क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि देश के दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए आम जनमानस को भी जागरूक और संगठित होने की आवश्यकता है। आने वाले समय में क्लब द्वारा और भी बड़े स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा, यह हमला न केवल निर्दोष नागरिकों पर बल्कि पूरे हिंदुस्तान की आत्मा पर हमला है। सरकार को चाहिए कि अब आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए निर्णायक कार्रवाई करे। भाजपा जिला मंत्री वासुदेव दांगी ने आक्रोश जताते हुए कहा, आतंकवाद के विरुद्ध अब आर-पार की लड़ाई का समय आ गया है। भारत सरकार को वैश्विक मंच पर पाकिस्तान को बेनकाब करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन से जुड़े दुर्गेश कुमार ने कहा, धर्म पूछ कर हत्या करना मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध है। अब पूरे देश को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाना चाहिए।

वहीं रैली में शामिल महिलाओं ने कहा, जब तक एक-एक आतंकी का सफाया नहीं होगा, तब तक हमारा गुस्सा शांत नहीं होगा। हम अपने सैनिकों के साथ मजबूती से खड़े हैं और सरकार से मांग करते हैं कि आतंकियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाए और हिंदुस्तान को आतंक मुक्त बनाया जाए।

## छत्तीसगढ़ की दो संदिग्ध युवतियों को देर रात इलाके में घूमता देख ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**गुमला :** सदर थाना क्षेत्र स्थित बृंदा पंचायत की मुखिया सत्यवती देवी ने छत्तीसगढ़ की दो संदिग्ध युवतियों को गुमला सदर थाना पुलिस को सौंपा , मुखिया और उनके पति बसंत लोहार ने बताया कि शुक्रवार के रात्रि लगभग 10:00 बजे कोयनारा महुआ टोली के कुछ लड़कों ने मोबाइल पर बताया कि दो अनजान लड़कियां उनके गांव क्षेत्र में घूम रही है, और पटेल पार्क चौक गुमला का पता पूछ रही है। सूचना मिलते ही मुखिया सत्यवती देवी और उनके पति ने उक्त लड़कियों के साथ किसी तरह का अनहोनी ना हो , इसको लेकर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखिया के पति बसंत लोहार ने मोटरसाइकिल पर अपने गांव के कुछ लोगों के साथ लेकर उक्त दोनों लड़कियों को खोजने निकले , इसी क्रम में उन्हें झारखंड डीपा ग्राम के पास उक्त दोनों लड़कियां मिल गई, तब उन्हें मोटरसाइकिल में उन्हें बैठ कर गांव लें आयें और पूछताछ करने पर उक्त दोनों लड़कियां स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं बोल पा रहीं थी और अपना पता बताने में असमर्थ थी, पूछताछ के क्रम में उक्त दोनों लड़कियों ने अपना नाम गायत्री तिर्की और सरिता कुमारी बताया पर उनका पता पूछने पर कभी वह अंबिकापुर - सीतापुर और बांसजोर ग्राम बता रही थी , जो छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिला अंतर्गत पड़ता है, उक्त दोनों लड़कियां गुमला कैसे पहुंची और उन्हें गुमला किसने लाया यह रहस्य बना हुआ है, उक्त दोनों लड़कियों ने बताया कि पटेल पार्क गुमला से उन्हें दो लड़के इस क्षेत्र में लेकर आए और हमें छोड़कर फरार हो गयें , बाद में मुखिया सतवंती देवी और उनके पति बसंत लोहार ने लगभग 11:00 गुमला सदर पुलिस को फोन कर उक्त घटना की विस्तृत जानकारी दी और उक्त दोनों लड़कियों को गुमला सदर थाना पुलिस को सौंप दिया ।

वैवाहिक जीवन व वैवाहिक समारोह के प्रथम वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई



सुमित मिश्रा एवं अर्पना मिश्रा को विवाह और वैवाहिक समारोह के प्रथम वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं ।

तेरा मेरा साथ रहे, हो तेरा मेरा साथ रहे
धूप हो छाया हो दिन हो कि रात रहे